**न्यूज ब्रीफ**

### सैलरी की मांग को लेकर मिल्क प्लांट के कर्मी आंदोलित

**कानपुर देहात।** कानपुर-औरैया नेशनल हाईवे पर कुंभी गांव के पास संचालित मिल्क प्लांट के कर्मचारी आंदोलित हैं। उनका आरोप है कि कंपनी गोपनीय ढंग से यहां से बोरिया बिस्तर लेकर रफू चक्कर होने वाली है। काफी कर्मचारियों की पगार भी नहीं मिली। मांगे जाने पर टाल-मटोल किया जा रहा। इसे लेकर सोमवार को कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों का आरोप है कि तीन महीने से सैलरी नहीं दी गई है। कंपनी मालिक प्लांट बंद कर भागने की तैयारी में था। जैसे ही यह बात सामने आई, कर्मचारियों ने गेट पर धरना देकर काम रोक दिया। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक बकाया वेतन नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा।

### शुक्रवार व शनिवार को कोर्ट में अवकाश

**कानपुर देहात।** जनपद न्यायाधीश रविंद्र सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देश पर इस शुक्रवार और शनिवार को कचहरी में अवकाश रहेगा। ज्यूडिशियल आफीसर्स स्पोर्ट्स मीट के परिपेक्ष्य में अवकाश घोषित किया गया है। इसके बदले किसी दो चतुर्थ शनिवार को न्यायिक कार्य दिवस घोषित किए गए हैं। इस तरह, शुक्रवार और शनिवार के अवकाश के स्थान पर चतुर्थ शनिवार 23 मई एवं 27 जून को जनपद न्यायालय के समस्त न्यायालय न्यायिक कार्य हेतु यथावत खुले रहेंगे।

### प्राचार्य रहे आईपीएस सेंगर का निधन

**कानपुर देहात।** जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य रहे आईपीएस सेंगर का निधन हो गया। वह करीब 85 वर्ष के थे। हाल के दिनों से वह अस्वस्थ चल रहे थे। बीती रात उनका देहांत हुआ। उनके निधन के बारे में जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके कानपुर स्थित आवास पहुंचे। सुबह उनका पार्थिव शरीर अकबरपुर लाया गया। यहां उन्होंने जेके मिलेनियम के नाम से स्कूल की नींव रखी थी। विद्यालय परिवार के लोगों, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा अन्य स्थानीय लोगों ने पुष्प अर्पित कर स्व सेंगर को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद शव को बिठूर ले जाया गया। वहां अंतिम संस्कार हुआ।

### सीएमओ दफ्तर में की स्वल्पाहार की व्यवस्था

**कानपुर देहात।** सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय में लगे दिव्यांग कैंप में आए दिव्यांगजनों हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियो की ओर से नि:शुल्क भोजन व्यवस्था का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके सिंह के दिशा निर्देशन पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ आदित्य सचान एवं वंदना त्रिपाठी, प्रशासनिक अधिकारी द्वारा पौष्टिक छोला चावल का वितरण कर शुभारंभ किया गया। कार्यालय में कार्यरत रत्नेश बाजपेई, विजय मिश्रा तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियो की देखरेख में माह के प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को होने वाले दिव्यांग कैंप में दिव्यांग जनों को निशुल्क भोजन व्यवस्था-स्वल्पाहार की जा रही है। आज के आयोजन में निवेदिता सिंह, डीसीपीएम ने समस्त सामग्री प्रदान कर विशेष सहयोग किया। लाल जी, प्रदीप, ब्रजेश पांडे, अशोक कुशवाहा आदि रहे।

### डॉ. आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत हुई संगोष्ठी

**रसूलाबाद।** डॉक्टर भीमराव आंबेडकर द्वारा स्थापित समानता, न्याय और अधिकारों की नींव आज भी देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत कर रही है। यह बात गोपालपुर कहिंजरी में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान 2026 के तहत आयोजित एक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह ने कही। उन्होंने डॉक्टर आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। विधायक पूनम संखवार ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने कहा कि आंबेडकर द्वारा स्थापित समानता, न्याय और अधिकारों की नींव आज भी देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत कर रही है। उन्होंने लोगों से संविधान के प्रति जागरूक रहने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्यामलाल बौद्ध और विमल गौतम भंते सहित अनुसूचित वर्ग के कई लोगों को सम्मानित किया गया।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर किसान की मौत

## राजपुर थाना क्षेत्र के गांव बैना की घटना, मचा कोहराम

संवाददाता, राजपुर

- खेतों से भूसा लेकर आया था तारों की चपेट में आई ट्राली



अमित सविता।

**अमृत विचारः** थाना राजपुर क्षेत्र के बैना गांव में एक किसान सोमवार को खेत से ट्रैक्टर ट्राली में भूसा बनवाकर घर लाया था। दरवाजे पर भूसा उतारते समय वह ट्राली के ऊपर चढ़ गया। अचानक ट्रैक्टर चालक ने प्रेशर ट्राली को ऊपर उठा दिया। ऊपर से गुजरी हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। जिंदा होने की आस में परिजन उसे स्वास्थ केंद्र ले गए। परीक्षण में डाक्टरों उसे मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

क्षेत्र के बैना गांव निवासी अमित कुमार सविता (40 वर्ष) पुत्र मुलायम सिंह सविता सोमवार की सुबह खेत से ट्रैक्टर ट्राली में भूसा बनवाकर घर लाया था। दरवाजे पर किसान भूसे लदी ट्राली के ऊपर चढ़ गया। अचानक ट्रैक्टर चालक ने भूसा पलटने के लिए प्रेशर ट्राली को ऊपर उठा दिया जिससे किसान ऊपर से गुजरी हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। हाई टेंशन लाइन की चपेट में आते ही जोर की स्पार्किंग के साथ वह ट्राली से नीचे जा गिरा जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। परिजनों ने जिंदा होने की आस में आनन फानन में उसे स्वास्थ्य केंद्र ले गए। परीक्षण में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। किसान की मौत से पत्नी रानी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे एक बेटी खुशी देवी (18 वर्ष), एक बेटा मोहित कुमार (21वर्ष) छोड़ गया। किसान की मौत से गांव के हर किसी की आंखों में आसूं छलक रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। राजपुर थानाध्यक्ष सनत कुमार ने बताया कि किसान का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

## 11 दिन बाद भी लापता महिला का पता नहीं चला

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र में महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। महिला के पति ने काफी खोजबीन करने के बाद सोमवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गुमशुदगी दर्ज कर ली है और महिला की तलाश शुरू कर दी है।

बहेरी गांव के निवासी निजाम अहमद ने पुलिस को बताया कि उनकी 48 वर्षीय पत्नी अंजुम बीते 9 अप्रैल को घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटीं, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों के यहां भी संपर्क किया गया, लेकिन उनका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। लगभग 11 दिन तक अपने स्तर पर प्रयास करने के बाद परिजनों ने पुलिस की शरण ली। भोगनीपुर कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने जानकारी दी कि पति की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# गौशालाओं में सुरक्षा को दिया सहयोग का भरोसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक हुई

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडे एवं मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल भी रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि गौ-संरक्षण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा यह केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी भी है।

पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडे ने भी गौशालाओं में सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता रोकने के संबंध में आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में जनपद की सभी गौशालाओं में निराश्रित गौवंश के संरक्षण, भरण-पोषण, चारा, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सकीय सुविधा, टीकाकरण, साफ-सफाई, शेड, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा आदि बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी महोदय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गौशालाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने प्रत्येक गौशाला में पर्याप्त हरा एवं सूखा चारा, स्वच्छ पेयजल, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, साफ-सफाई, कीटाणुशोधन तथा शेड-बाउंड्रीवाल की दुरुस्ती सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, नगर निकायों, पशुपालन विभाग एवं सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करें, व्यवस्थाओं का सत्यापन करें तथा निरीक्षण आख्या समयबद्ध रूप से प्रस्तुत करें। इस मौके पर कई अधिकारी मौजूद रहे।

## जानलेवा हमले में तीन लोग गिरफ्तार

**रसूलाबाद।** नौहा नौगांव निवासी एक व्यक्ति को तीन व्यक्तियों द्वारा कुल्हाड़ी मार कर जान से मारने के प्रयास के मामले में पुलिस ने सोमवार को आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

थाना प्रभारी शिव नारायण सिंह ने बताया कि गत 26 दिसंबर को नौहा नौगांव निवासी शकुंतला देवी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पति राम शंकर को 14 दिसंबर रात के समय पानी लगाते के समय कुशल पूर्वा मजरा नौहा नौगांव निवासी विकास यादव, शीबू यादव, कमलेश यादव व दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा अपशब्द कहे गए, विरोध करने पर मारपीट की गई व कुल्हाड़ी मारकर उन्हें जान से करने का प्रयास किया गया। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए ।उसकी तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। आरोपितों में तीन लोगों विकास यादव , शीबू यादव, कमलेश यादव को सोमवार को तिस्ती चौकी प्रभारी बृजेश कुमार ने अपने हमराहियों सरवरे आलम ,सूर्य सेन व अजय पाल के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया।

# डीएम ने शिकायतों का समय से निस्तारण कराने का दिया निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** सोमवार को जिलाधिकारी कपिल सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई की। निस्तारण योग्य समस्याओं और शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया। शिकायतों के संबन्ध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ताओं को उनके प्रकरण की प्रगति से अवगत कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अतः प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आवेदक को समय-समय पर उसके प्रकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, जिससे प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।

जिलाधिकारी ने शासन की प्राथमिकता योजनाओं एवं जनशिकायत निस्तारण प्रणाली के अंतर्गत संचालित आईजीआरएस पोर्टल की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर प्राप्त कोई भी शिकायत लंबित न रहे। सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का प्रभावी समाधान हो सके।

# नौ में से सात खरीद केंद्रों पर नहीं शुरू हो सकी गेहूं की खरीद

संवाददाता, रसूलाबाद

- रसूलाबाद क्षेत्र में गेहूं खरीद प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू हुई थी
- खाली बारदाना (बोरियों) की कमी के चलते नहीं हुई खरीद

**अमृत विचारः** किसानों की सुविधा के लिए तहसील क्षेत्र में खोले गए 9 गेहूं खरीद केंद्रों पर गेहूं खरीद गत एक अप्रैल से शुरू हो गया था। इनमें रसूलाबाद प्रथम और द्वितीय केंद्रों पर 20 अप्रैल तक 2000 कुंतल गेहूं की खरीद हो चुकी है अन्य सात केंदों पर खाली बारदाना (बोरियों) की कमी के चलते गेहूं खरीद शुरू नहीं हो पाई है।

वरिष्ठ विपणन निरीक्षक तोषकर झा ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत रसूलाबाद तहसील क्षेत्र में गेहूं खरीद प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू हुई थी। शुरुआती व्यवस्थागत दिक्कतों के बावजूद अब खरीद ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। तहसील के रसूलाबाद प्रथम और रसूलाबाद द्वितीय केंद्रों पर 20 अप्रैल तक 2000 कुंतल से अधिक गेहूं की खरीद की जा चुकी है और यहां खरीद कार्य नियमित रूप से जारी है। उन्होंने बताया कि पहले किसानों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य था, लेकिन ई-फार्मर रजिस्ट्रेशन में आ रही समस्याओं को देखते हुए सरकार ने पुरानी व्यवस्था को पुनः लागू कर दिया है। इससे किसानों को काफी राहत मिली है। एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि सभी केंद्रों पर पेयजल, छाया, तौल कांटा और भुगतान की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही एक मोबाइल खरीद केंद्र भी संचालित किया गया है, जिसके माध्यम से जरूरत पड़ने पर किसानों के घर से ही गेहूं उठान की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में सुधार किया जाएगा, ताकि किसानों को उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**इस जगहों पर बनाए गए हैं खरीद केंद्रः** रसूलाबाद प्रथम, रसूलाबाद द्वितीय, बीपैक्स रसूलाबाद, बीपैक्स रतनपुर कस्तूरी, बीपैक्स सलेमपुर महेरा, बीपैक्स पहाड़ीपुर, नौहनौगांव तथा बीपैक्स मकरन्दपुर कहिजरी शामिल हैं।

इनमें बीपैक्स रसूलाबाद, रतनपुर कस्तूरी, सलेमपुर महेरा, पहाड़ीपुर, नौहनौगांव और मकरन्दपुर कहिजरी केंद्रों पर बारदाना (बोरियों) और पल्लेदारों की कमी के कारण खरीद प्रक्रिया प्रभावित है।

# युवक ने गमछे के सहारे लगाई फांसी, थम गई सांसें

संवाददाता, शिवली



अखिलेश।

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के हथिका गांव में रविवार की रात दुकान बंद करके घर पहुंचे युवक ने मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे के अंदर पंखे के कुंडे के सहारे अंगौछे से फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की सूचना दर्ज कर शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के हथिका गांव निवासी सुरेश गांव में ही चाय समोसा की दुकान किए है। दुकान पर पुत्र अखिलेश (20वर्ष) भी बैठता था। पिता ने पुलिस को बताया कि रविवार की रात करीब साढ़े दस बजे उसका पुत्र दुकान बंद करने के बाद घर पहुंचा और अपनी भाभी से चाय बनाने के लिए कहकर पूजा करने के लिए मकान के दूसरी मंजिल पर बने कमरे में चला गया। काफी देर तक जब वह नीचे नहीं आया तो वह अखिलेश को बुलाने के लिए छत पर पहुंचा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था।

कई बार आवाज देने के बाद भी अखिलेश ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला तो इधर-उधर से अंदर झांक कर देखा। देखा कि अखिलेश पंखे के कुंडे में गमछे के सहारे फंदे पर झूल रहा था। युवक की मौत से उसके पिता सुरेश, मां सीमा, भाई नितेश, बहन प्रिया का रो-रो कर बुरा हाल था। भाऊपुर चौकी तिवारी सोमवीर ने बताया कि घटना की सूचना दर्ज कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# बंदरहा गांव में नहीं पहुंची विकास की किरण

संवाददाता, रसूलाबाद

- लकड़ी के अस्थायी पुल के सहारे आवागमन को मजबूर हैं लोग
- ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर इससे गुजरते हैं



लंबे चक्कर से बचने के लिए ग्रामीणों द्वारा बनाया गया अस्थाई पुल। अमृत विचार

**अमृत विचारः** रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र का बंदरहा गांव आजादी के 76 साल बाद भी ग्रामीण विकास के दावों की हकीकत से दूर हैं। कन्नौज सीमा से सटे इस गांव में ग्रामीण आज भी पांडु नदी पर बने लकड़ी के अस्थायी पुल के सहारे आवागमन करने को मजबूर हैं। यह पुल सिमरिया, अवसेर और बिहारीपुर आदि अनेक गांवों से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए एकमात्र नजदीकी रास्ता है।

ब्लॉक रसूलाबाद के मिर्जापुर लकोठिया ग्राम के मजरे बंदरहा में पांडु नदी पर अब तक कोई स्थायी पुल नहीं बन पाया है। ग्रामीणों ने अपनी सुविधा के लिए स्वयं आरसीसी खंभों और बांस-बल्लियों की मदद से एक अस्थायी पुल का निर्माण किया था जो उनके दैनिक जीवन का मुख्य साधन है। बंदरहा गांव का यह लकड़ी का पुल अब केवल एक रास्ता नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास के दावों पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न बन गया है। यह अस्थायी पुल ग्रामीणों की मजबूरी और प्रशासनिक उपेक्षा को दर्शाता है। ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर इससे गुजरते हैं। बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने पर स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। पुल के क्षतिग्रस्त होने या जलमग्न होने पर ग्रामीणों को लगभग 8-10 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है।

गांव निवासी योगेश वर्मा, रजनीश वर्मा, ममता देवी, रामवीर वर्मा, सुरेश वर्मा, मुकेश वर्मा, शिवकुमार वर्मा, संतोष वर्मा, रीना देवी , गुड्डी देवी सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

उनका कहना है कि ग्राम पंचायत में अन्य विकास कार्यों की भी अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि हर चुनाव में जनप्रतिनिधि पुल निर्माण के बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद कोई भी गांव की इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं देता। वर्षों से स्थायी पुल की मांग की जा रही है, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिले हैं। गांव की इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं देता। वर्षों से स्थायी पुल की मांग की जा रही है, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिले हैं। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने आगामी चुनाव में अपने मत के जरिए इस उपेक्षा का जवाब देने की बात कही है।

# सफेद हाथी साबित हो रहे एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र

संवाददाता, रसूलाबाद




एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र।

**अमृत विचारः** विकासखंड की कई ग्राम पंचायतों में लाखों रुपए की लागत से बनवाए गए रिसोर्स रिकवरी सेंटर (आरआरसी) अब शोपीस बनकर रह गए हैं।

रसूलाबाद ब्लॉक के भैंसाया, बहादुरपुर, खेड़ा कुर्सी, मित्रसेनपुर कहिंजरी,औरंगपुर गहदेवा, माल का पुरवा सहित दर्जनों गांवों में बने आरआरसी सेंटर भी इसी स्थिति में हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों को ओडीएफ प्लस और कचरा मुक्त बनाने के उद्देश्य से इन आरआरसी सेंटरों का निर्माण किया गया था। इन केंद्रों में जैविक कचरे से खाद बनाने के लिए वर्मी कंपोस्ट पिट भी बनाए गए थे। हालांकि, जमीनी हकीकत इससे काफी अलग है। सफाईकर्मी गांवों से निकलने वाले कूड़े को इन सेंटरों तक पहुंचाने के बजाय सड़कों और गांवों के किनारों पर फेंक रहे हैं। इसके चलते गांवों के आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही, तो सरकार का स्वच्छ भारत का सपना पूरा नहीं हो पाएगा और गांव गंदगी मुक्त नहीं हो सकेंगे।

इस योजना में विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के चलते अब तक इनके लिए आवश्यक मैनपावर की व्यवस्था नहीं हो पाई है। जिन पंचायतों में कूड़ा-कचरा और हर घर कूड़ा कलेक्शन के लिए ई-रिक्शा खरीदे गए हैं, वहां चालकों की कमी है। इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से वर्मी कंपोस्ट और आरआरसी भवनों को संचालित करने की योजना पर भी कोई काम नहीं हो सका है। लेकिन ब्लॉक से लेकर जिले स्तर के अधिकारी तक रिसोर्स रिकवरी सेंटर के संचालन कराने के प्रति संवेदनहीन दिखाई दे रहे हैं।

डीपीआरओ विकास पटेल ने बताया कि सभी ग्राम सचिवों को रिसोर्स रिकवरी सेंटर के संचालित करने के आदेश दिए गए हैं। समूह के चयन के साथ इनके संचालन के लिए मैनपॉवर की व्यवस्था पंचायत को ही करनी है।

**महत्व बताया** | जनगणना 2027 के लिए प्रगणकों व सुपरवाइजर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

# सिर्फ आंकड़ों का संकलन नहीं, विकास योजनाओं की नींव है जनगणना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



ट्रेनिंग प्रोग्राम का उद्घाटन करते डीएम कपिल सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सोमवार को जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। डीएम/प्रमुख जनगणना अधिकारी कपिल सिंह ने इसका शुभारंभ किया। प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने जनगणना के राष्ट्रीय महत्व, प्रशासनिक उपयोगिता एवं इस कार्य की संवेदनशीलता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है।

सटीक, पारदर्शी और समयबद्ध जनगणना से ही शासन को जनसंख्या की वास्तविक स्थिति, आवासीय संरचना, संसाधनों की उपलब्धता तथा नागरिक सुविधाओं की आवश्यकता का सही आकलन प्राप्त होता है। जनगणना के आंकड़े शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल, सड़क, बिजली, सामाजिक सुरक्षा, खाद्य वितरण, शहरी एवं ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रगणक और सुपरवाइजर प्रत्येक मकान, परिवार और नागरिक का विवरण पूर्ण शुद्धता एवं सावधानी के साथ दर्ज करें। वह डिजिटल माध्यमों का सही प्रयोग करें तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचें।

आमजन से स्व-गणना सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करने और तथा प्रगणकों को सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर्स निर्धारित समय-सारणी का पालन करें, क्षेत्र में नियमित भ्रमण करें तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल अपने पर्यवेक्षक को दें।

जनगणना की नोडल अधिकारी वर्तिका गुप्ता ने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य होगा। यह 22 मई से 20 जून तक चलेगा। इसके आम लोगों की सुविधा के लिए 7 मई से 21 मई तक स्व-गणना (सेल्फ इन्यूमिरेशन) की व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी, ताकि लोग स्वयं अपने विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकें।

# रसूलाबाद में भी जनगणना के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** जनगणना देश की विकास योजनाओं का आधार होती है, इसलिए इसमें त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

उप जिलाधिकारी सर्वेश सिंह ने बताया कि इस चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। प्रगणकों और सुपरवाइजरों के लिए यह प्रशिक्षण रसूलाबाद तहसील सभागार कक्ष में 20 अप्रैल 2026 से 5 मई 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम रसूलाबाद तहसील परिसर के प्रथम और द्वितीय तल पर, नगर पंचायत कार्यालय और खंड विकास कार्यालय सहित कुल चार स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है।

पहले चरण में प्रगणकों को जनगणना से जुड़े दिशा-निर्देश और तकनीकी जानकारी दी गई। दूसरे चरण में क्षेत्र की सीमाओं और महत्वपूर्ण स्थलों के चिन्हांकन के साथ (एचएलबी) मकान सूचीकरण की पहचान और मैपिंग की प्रक्रिया समझाई गई। तीसरे चरण में प्रत्येक परिवार से सटीक जानकारी एकत्र कर उसे निर्धारित प्रणाली में दर्ज करने पर बल दिया गया। चौथे चरण में इंटरनेट के माध्यम से डेटा को सुरक्षित रूप से अपलोड कर उसकी निगरानी की प्रक्रिया बताई गई। अंतिम चरण में सभी कार्यों की जांच कर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शामिल है।

## सुविचार



जय उसी की होती है जो अपने को संकट में डालकर कार्य संपन्न करते हैं। जय कायरों की कभी नहीं होती।

- जवाहरलाल नेहरू



## कानपुर के प्रमुख समाचार


- गणेश मंदिर में चोरी का खुलासा, 5 गिरफ्तार -VI
- माता-पिता की मौत के बाद भी नहीं टूटा हौसला -VII
- कड़ी मेहनत, निरंतर पढ़ाई से सफलता पाई -VIII





अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.

•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999


# सिनेमा दिखाने का वादा किया, फिर बेटियों का गला काट दिया

## जुड़वां बेटियों की हत्या में मां रेशमा ने सरकार से गुहार की, जैसी बेटियों को दी मौत, वैसी ही सजा पति को मिले, आरोपी को पूछताछ के बाद भेजा गया जेल

### हैवान पिता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता के किदवई नगर स्थित त्रिमूर्ति फेज-2 अपार्टमेंट में बेरहम पिता ने अपनी 11 वर्षीय जुड़वां बेटियों रिद्धि और सिद्धि की गला घोंटकर और फिर सांस की नली पर चापड़ रखकर हथौड़े से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वारदात से पहले शनिवार रात दोनों बच्चियां टीवी देख रही थीं। पिता शशि रंजन ने उन्हें डांटकर सोने को कहा और मंगलवार को सिनेमा दिखाने का वादा किया था। बच्चियां खुशी से सो गईं लेकिन उन्हें क्या पता था कि कुछ ही घंटों बाद उनकी जिंदगी खत्म हो जाएगी।



हत्यारोपी पिता शशि।

इस बीच मां रेशमा ने सरकार से मांग की है कि जैसे उसकी बेटियों को मारा गया, वैसे ही उसके पति को सजा दी जाए। रेशमा और उसकी रिश्तेदार फफक पड़ीं। पुलिस के मुताबिक हत्या के पीछे की ठोस वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है और जांच जारी है।

बता दें कि पिता शशि रंजन ने देर रात परिजनों को नशीला पदार्थ खिलाने के बाद दो जुड़वा बेटियों का गला घोंटकर और चापड़ से काट कर मार डाला था।

**कमरा बंद कर करता था फोन, घर में लगे थे कई कैमरे:** रेशमा के अनुसार आरोपी अक्सर कमरे में बंद होकर घंटों फोन पर बात करता था और अपना मोबाइल किसी को नहीं देखने देता था। घर में आठ सीसीटीवी कैमरे लगे थे जिनसे वह निगरानी रखता था। पत्नी के फोन की जांच करता था और उस पर शक करता था। परिवार को लोगों से दूर रखता था और किसी से मेलजोल नहीं रखने देता था। उसके पास सिर्फ बाहर के चार कैमरे के ही एक्सेस थे। जबकि पति के पास पूरे आठ कैमरा के एक्सेस थे।



बेटे के साथ गम में डूबी मां रेशमा। अमृत विचार

### बेटियों पर जान छिड़कता था, बेटे से बना रखी थी दूरी

- **कानपुर।** आरोपी शशि रंजन अपनी दोनों बेटियों से बेहद लगाव दिखाता था। पत्नी के मायके जाने के दौरान वह बेटियों को जम्मू-कश्मीर घूमाने भी ले गया था और स्कूल की पैरेंट्स मीटिंग में भी शामिल होता था। इसके उलट बेटे से दूरी बनाए रखता था। बेटे की देखभाल और स्कूल से जुड़े काम मां रेशमा ही करती थी। इससे परिवार में व्यवहार का अंतर साफ दिखता था।

### भाई ने भी तोड़ा रिश्ता फोन तक नहीं उठाया

- **कानपुर।** आरोपी के परिवार ने भी उससे दूरी बना ली है। रेशमा के अनुसार उसने घटना की सूचना जेठ राजीव को दी थी लेकिन उन्होंने आने से इनकार कर दिया और फोन उठाना भी बंद कर दिया। रेशमा का कहना है कि पति नशे की गोलियों और शराब का आदी था। कुछ साल पहले ससुर ने भी उसके व्यवहार का विरोध किया था लेकिन अभद्रता के बाद वह वापस नहीं लौटे।

### मायके के सहारे संभली रेशमा रिश्तेदारों के आने से मिला संबल

**कानपुर।** बेटियों की मौत के बाद रेशमा पूरी तरह टूट गई थी लेकिन मायके पक्ष के आने से उसे सहारा मिला। सिलीगुड़ी से भाई बल बहादुर और भाभी तारा दिल्ली पहुंच चुके थे। सोमवार शाम मामा और मौसी के पहुंचने से रेशमा का मनोबल बढ़ा। इससे पहले बुआ की बेटी स्वस्तिका और पूनम तिवारी भी पहुंचीं थीं। अब रेशमा अपने मायके पक्ष के सहारे ही आगे की जिंदगी देखने की कोशिश कर रही है। भाई और बहन फ्लाइट ना मिलने के चलते देरी से पहुंचे।

### 'प्यार भरी कैद' में थीं बच्चियां बाहर की दुनिया से रखा दूर

**कानपुर।** किदवईनगर के त्रिमूर्ति अपार्टमेंट में दोहरे हत्याकांड के बाद परिवार के भीतर का माहौल भी सामने आ रहा है। पड़ोसियों के मुताबिक आरोपी पिता बेटियों को सख्ती से रखता था और उन्हें बाहर के बच्चों से घुलने-मिलने नहीं देता था। मां रेशमा ने बताया कि बच्चियां ज्यादातर फ्लैट के अंदर ही रहती थीं और बाहर खेलने पर डांट पड़ती थी। साइकिल दिलाने के बाद भी उन्हें अपार्टमेंट के बाहर चलाने की इजाजत नहीं थी। घटना के बाद अब लोग इन्हीं बातों को जोड़कर समझने की कोशिश कर रहे हैं।



जुड़वा बेटियों की फाइल फोटो।

### प्रेम विवाह के बाद शराब और शक ने बिगाड़ा घर

- मूल रूप से बिहार के गया निवासी शशि रंजन मिश्रा ने सिलीगुड़ी की रहने वाली रेशमा छेत्री से वर्ष 2014 में प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद उसने पत्नी की नौकरी छुड़वा दी और परिवार बिहार में रहने लगा जहां जुड़वा बेटियों का जन्म हुआ। बाद में परिवार शहर आ गया। रेशमा के मुताबिक पति शराब का आदी था और अक्सर 15-15 दिन के लिए बाहर रहता था। वह मायके जाने से रोकता था और कई बार मारपीट भी करता था। एक बार विवाद में उसने चाकू से हमला भी किया था, जिसके बाद रेशमा मायके चली गई थी।

### हत्या के बाद खुद भी जान देना चाहता था

- थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी शशि रंजन मिश्रा के कमरे में सीसीटीवी कैमरा लगा है, लेकिन अभी तक उसका पासवर्ड नहीं मिल सका है। जो फुटेज मिले हैं उनमें वह आते-जाते दिख रहा है। पूछताछ में उसने बेटियों की हत्या की वजह अपने न रहने पर उनकी सुरक्षा की चिंता बताई है। उसने कहा कि वह हत्या के बाद खुद भी जान देना चाहता था, लेकिन घबरा गया और पुलिस को सूचना दे दी। हालांकि बेटियों को किस तरह का खतरा था, यह अभी साफ नहीं हो सका है। वही आरोपी खुद को अपने व्यवहार और बयानों से बार बार दिमागी रूप से कमजोर बताने का प्रयास रहा है। जो बात गले से उतर नहीं रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि शायद यह कदम जानबूझकर कानून से बचने के लिए उठा रहा है।

## सिटी ब्रीफ

### गर्मी बढ़ने से बच्चों के लिए स्कूल साढ़े 12 बजे तक ही

**कानपुर।** भीषण गर्मी और हीटवेव के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन ने परिषदीय विद्यालयों के समय में बदलाव कर दिया है। अब बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक संचालित होंगे। इसमें छात्र-छात्राएं 7:30 से 12:30 बजे तक उपस्थित रहेंगे। शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी 1:30 बजे तक विद्यालय में रहेंगे। यह निर्णय बच्चों को लू से बचाने के उद्देश्य से लिया गया है।

### अभिनव जेठ जैन बने कानपुर के सीडीओ

**कानपुर।** मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन को यूपी राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया। मथुरा के अपर जिलाधिकारी अभिनव जेठ जैन को उनके स्थान पर मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। दीक्षा जैन ने बतौर सीडीओ ग्राम पंचायतों में हुई अनियमितताओं पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए कई प्रधानों और पंचायत सचिवों के विरुद्ध कार्रवाई की थी।

### हृदयगति रुकने से दरोगा की मौत

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर के बैरी निवासी अनुपम कनौजिया उत्तर प्रदेश पुलिस में दारोगा थे। जो वर्तमान में गौतमबुद्ध नगर में तैनात थे। सोमवार सुबह ड्यूटी के दौरान हृदयगति रुकने के चलते उनकी हालत बिगड़ गई। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मंगलवाल को अंतिम संस्कार कानपुर में होगा।

### सीएसजेएमयू में वॉर्डन बदले

**कानपुर।** सीएसजेएमयू ने छात्रावासों के संचालन को लेकर बदलाव किया है। सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया। विश्वविद्यालय में अभी तक चीफ वार्डन की जिम्मेदारी संभाल रहे डॉ. सर्वेश मणि त्रिपाठी की जगह पर डॉ. बीपी सिंह को विश्वविद्यालय का नया चीफ वार्डन बनाया गया है। डॉ. श्रवण कुमार यादव और डॉ. एश्वर्या आर्या को सहायक चीफ वार्डन बनाया गया है। इसके अलावा त्रिवेणी छात्रावास के वार्डन की जिम्मेदारी डॉ. सोनाली मौर्या और अंशिका मिश्रा को दी गई है। सरस्वती महिला छात्रावास के वार्डन डॉ. श्वेता सिंह वर्मा और डॉ. नेहा तिवारी को दी गई है।



तेज धूप में सैकड़ों लोग लाइन लगाए रहे। अमृत विचार

# भीषण गर्मी में सिलेंडर के लिए तप रहे

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एलपीजी सिलेंडर के लिए लोगों को अब तक राहत नहीं मिल पाई है। उपभोक्ता सुबह से ही लाइन लगाकर एजेंसी के बाहर टोकन ले रहे हैं। अपनी बारी आने पर जब एजेंसी की ओर से असमर्थता जताई जा रही है तो लोगों की तीखी नोकझोक कर्मियों से हो रही है। सोमवार को 42.6 डिग्री सेल्सियस में भी लाइन लगाए खड़े रहे। कामकाजी लोग कार्यालय से छुट्टी लेकर दिनभर लाइन लगाए रहते हैं। देखा जा रहा है कि सिलेंडर पाने के लिए लोग टिफिन तक बंधवा कर ला रहे हैं। जेके मंदिर के पास एक गैस एजेंसी के बाहर सुबह से ही लाइन लगी देखी गई। लोगों ने संकेतिक तौर पर अपने-अपने सिलेंडर को कतार में लगा दिया। रतनलाल नगर में भी लोग पेड़ की छांव में इंतजार करते देखे गए। आशीष ने बताया कि जो नियम एजेंसी से बताया जा रहा है उसी पर लोग काम कर रहे हैं।



उपभोक्ताओं की कहासुनी भी हुई। अमृत विचार

### वसंत विहार क्षेत्र के एक मकान में लगी आग

**कानपुर।** नौबस्ता थाना के वसंत विहार चौकी क्षेत्र में एक मकान के दूसरे फ्लोर पर सोमवार रात आग लग गई। आग की लपटों को देख घर में मौजूद लोग घबरा गए और बाहर भागे। आसपास के लोगों ने पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।



भाजपा नेता एवं शिक्षक नूतन मिश्रा के मकान की दूसरी मंजिल पर रात करीब साढ़े नौ बजे आग लगी। आग कैसे लगी इसका कारण पता नहीं चल सका। आग लगने के साथ ही पूरे मोहल्ले में अफरातफरी का माहौल देखा गया। नूतन मिश्रा के मकान के आसपास के लोग घरों से बाहर आ गए। नूतन के मकान में तीन साल पहले भी आग लगी थी। तभी लाखों रुपये का नुकसान हुआ था।

# मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न लगाने पर 336 चालान किए



चेकिंग के दौरान नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई करती यातायात पुलिस। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यातायात पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और अवैध हूटर के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस ने प्रमुख चौराहों पर सघन चेकिंग कर नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की।

ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और अवैध हूटर के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन पर 18 से 19 अप्रैल तक चले इस अभियान में यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों ने शहर के प्रमुख चौराहों और तिराहों पर सघन जांच की। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 336 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का अवैध बदलाव न कराएं और यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस उपायुक्त यातायात ने कहा कि अभियान जारी रहेगा। स्टंट करने और अवैध मॉडिफिकेशन के जरिये शांति भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बजरिया में भी चला विशेष चेकिंग अभियान

- **कानपुर।** थाना बजरिया क्षेत्र में सोमवार को यातायात नियमों के पालन को लेकर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। सहायक पुलिस आयुक्त यातायात मंजय सिंह और एआरटीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल पार्ट्स की दुकानों पर सघन जांच की। इस दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और अवैध हूटर के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# 74 फीसदी किसानों की ही बनी फॉर्मर आईडी

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिले में लगभग 73.87 फीसदी किसानों की अभी फार्मर आईडी बन पाई है। वहीं, किसान सम्मान निधि का लाभ लेने वालों में फॉर्मर आईडी की संख्या 89.33 फीसदी है। जिला कृषि अधिकारी प्राची पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि फार्मर रजिस्ट्री वाले किसानों को सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। इन सुविधाओं में बीज, उर्वरक, कीटनाशक, फसली ऋण और फसल बीमा जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। कृषि विभाग ने फार्मर रजिस्ट्री पूरी कराने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है। जिले के प्रत्येक गांव में पंचायत भवनों पर फॉर्मर आईडी बनाने का काम किया जा रहा है। इसी के साथ जनसेवा केंद्र से भी किसान आईडी बनवा सकते हैं। पंचायत सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक, बीटीएम, एटीएम, जनसेवा केंद्र के बीएलई सहित ग्राम प्रधान और कोटेदार भी इस काम में लगाए गए हैं। रजिस्ट्री के लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और खतौनी (भूमि अभिलेख) जैसे दस्तावेज की जरूरत पड़ रही है। अपर जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि कुल किसानों में अब तक 74 हजार से ज्यादा की आईडी नहीं बन पाई है। सम्मान निधि पाने वाले में 37 हजार किसान अभी भी फॉर्मर आईडी से वंचित हैं।

## मेडिकल जोन

### प्रति इंजेक्शन नहीं खर्च करने होंगे 10 हजार रुपये, दो हजार से चल जाएगा काम

# मोटापा व डायबिटीज रोगी कम खर्च में करा सकेंगे इलाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मोटापा और डायबिटीज ग्रस्त लोग अब कम बजट में ही इलाज करा सकेंगे। इन दोनों बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली महंगी दवा अब भारतीय कंपनियां बनाएंगी। सेमाग्लूटाइड सॉल्ट दवा का पेटेंट 30 मार्च को खत्म हो गया है। इसके बाद करीब 50 भारतीय कंपनियां इस दवा के प्रोडक्शन में उतर आई हैं। अब सेमाग्लूटाइड सॉल्ट के प्रति इंजेक्शन पर 10 हजार रुपये नहीं खर्च करने पड़ेगे, ये सिर्फ दो हजार रुपये में उपलब्ध होगा।

इन दोनों ही बीमारियों में सेमाग्लूटाइड सॉल्ट दवा चलती है, जिसके इंजेक्शन के चार डोज की कीमत करीब 25 हजार रुपये होती है। कई मरीजों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होती है तो वह इलाज को बीच को में ही छोड़ देते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं हो सकेगा। क्योंकि यह दवा अब कम दामों में मरीजों को उपलब्ध होगी। कार्डियोलॉजी के डॉ. अवधेश कुमार शर्मा के मुताबिक पहले यह दवा एक मल्टीनेशनल कंपनी के पेटेंट में थी। पेटेंट खत्म होने के बाद भारतीय कंपनियों ने जेनेरिक वर्जन तैयार करना शुरू कर दिया है। इससे दवा की कीमत 10 हजार रुपये प्रति इंजेक्शन से घटकर करीब 2 हजार रुपये तक आ गई है।

इस दवा की खोज डायबिटीज मरीजों के लिए की गई थी। यह ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करती है। लेकिन इसके इस्तेमाल में जानकारी मिली कि यह वजन कम करने में भी बेहद कारगर है। यही वजह है कि अब इसे मोटापा ग्रस्त मरीजों को भी डॉक्टर की सलाह पर दिया जा रहा है। इससे वजन कम होने के साथ कोलेस्ट्रॉल और लिपिड लेवल भी कंट्रोल होने लगता हैं। हार्ट की बीमारी में भी काफी असरदार है। वहीं, ओजेम्पिक व वेगोवी दवा की कीमतों में भी कमी आई।

### बिना डॉक्टर की सलाह के खतरनाक है दवा

- डॉक्टरों का कहना है कि इस दवा को बिना स्पेशिलस्ट डॉक्टरों की सलाह के नहीं लेना चाहिए। संबंधित व्यक्ति को पैंक्रियाज में सूजन, थायरॉयड, किडनी व लिवर संबंधी समस्याएं और आंखों में संक्रमण भी हो सकता है। बताया कि यह दवा विशेष रूप से उन मरीजों को दी जाती है, जिनका बीएमआई 27 से ज्यादा हो और अन्य गंभीर बीमारियां न हों।



### यह दवा ब्रेन में असर डालकर भूख को करती है कम

- डॉ. अवधेश के मुताबिक यह दवा ब्रेन के उस हिस्से पर असर डालती है, जो भूख को कंट्रोल करता है। इसके प्रभाव से संबंधित व्यक्ति को भूख कम लगती है और पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है। साथ ही यह पेट खाली होने की प्रक्रिया को भी धीमा करती है, जिससे बार-बार खाने की इच्छा नहीं होती और संबंधित व्यक्ति का वजन तेजी से घटने लगता है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एसके गौतम के मुताबिक बिगड़ी जीवनशैली, अनियमित खानपान, फास्ट फूड व जंक फूड, पर्याप्त नींद न लेने व व्यायाम न करने की वजह से लोगों में मोटापा बढ़ रहा है, जिसकी वजह से आगे चलकर डायबिटीज और हार्ट डिसीज का कारण बनता है।

## सिटी ब्रीफ

### दीपक राज बोर्ड अध्यक्ष नियुक्त



**कानपुर।** आईआईटी कानपुर फाउंडेशन ने दीपक राज को अपने निदेशक मंडल के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। संस्थान के पूर्व छात्र सम्मान से सम्मानित और अनुभवी वित्तीय विशेषज्ञ दीपक राज ऐसे समय में यह जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जब फाउंडेशन ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। आईआईटी कानपुर फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार रंजन ने कहा कि वैश्विक वित्त क्षेत्र में दीपक राज का अनुभव और समाजसेवा के क्षेत्र में उनका मजबूत नेतृत्व फाउंडेशन को मजबूत नेतृत्व देता है। इंडिया फिलान्थ्रॉपी एलायंस के साथ काम करते हुए, उन्होंने अलग-अलग लोगों को एक साथ लाकर एक साझा लक्ष्य की ओर काम करने की अपनी क्षमता दिखाई है।

### शराब छोड़ने को कहा तो फांसी लगाई

**कानपुर।** रावतपुर में पत्नी से शराब छोड़ने की बात सुन नाराज पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रावतपुर के लखनपुर अजय दिवाकर मजदूरी करते थे। परिवार में पत्नी लाली, बेटा कन्हैया व नंदू और एक बेटी टुकटुक है। छोटे भाई विजय ने बताया कि अजय शराब का लती था। इस कारण उनका पत्नी से विवाद होता था। रविवार रात को वह फिर से शराब पीकर घर आए, जिस पर पत्नी ने उन्हें टोकने के साथ शराब छोड़ने की बात कही। फिर दोनों में विवाद हुआ, कमरे में सोने की बात कहकर गए अजय ने इस बीच दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह जगाने पहुंची लीला ने जब पति का शव फंदे से झूलता देखा तो वह बदहवास हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

### पति से लड़कर फांसी लगा दी जान

**कानपुर।** बिधनू में पत्नी के मना करने के बावजूद भी पति घर की दहलीज लांघ गया। इस बात से आहत महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। बिधनू शंभुआ निवासी विमलेश कश्यप ने बताया कि पहली पत्नी ऊषा के काफी समय पहले छोड़कर जाने के बाद इसी साल 18 जनवरी को मछरिया निवासी 32 वर्षीय सपना से शादी की थी, जो कि पहल से शादीशुदा थी। विमलेश ने बताया कि पहले पत्नी से दो बेटी आरती व इशिका है, जबकि दूसरी पत्नी से दो बच्चे शिवांश व बिट्टी है। रविवार शाम ड्यूटी कर घर आए, फिर कुछ देर बाद जैसे ही बाहर जाने लगे। इस पर पत्नी सपना के बाहर जाने से रोकने के बावजूद भी उसे डांटते हुए निकले गए। इस पर पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। सोमवार दोपहर हैलट में सपना की मौत हो गई। बिधनू थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### एसीपी की कार ने बाइक को मारी टक्कर

**कानपुर।** पराग डेयरी रोड पर सोमवार दोपहर एसीपी की कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमें रामादेवी निवासी मधूसूदन यादव घायल हो गए। उनके हाथ में चोट आई है और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मधूसूदन ने बताया कि वह एक बैंक में सर्वेयर की नौकरी करते हैं। सोमवार दोपहर काम खत्म कर घर लौट रहे थे। तभी पराग डेयरी वाली रोड पर सामने से आ रही एसीपी की तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

# गणेश मंदिर में चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

## मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपी कैद हो गया था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** घंटाघर चौराहा स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में कुछ दिनों पहले हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया। डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता के नेतृत्व में हरबंशमोहाल पुलिस ने इस मामले में शामिल तीन आरोपियों मजीद अंसारी, उसकी पत्नी अंजुम परवीन और कारोबारी जावेद अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

डीसीपी पूर्वी ने बताया कि मुख्य आरोपी मजीद अंसारी स्कूटी से मंदिर पहुंचा था और देर रात भगवान के चांदी के मुकुट सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद वह अपने घर गया और पत्नी के साथ मिलकर चोरी का सामान बेचने के लिए जावेद अहमद के पास पहुंचा। मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपी की गतिविधियां कैद हो गई थीं, जबकि आईटीएमएस कैमरों से उसकी स्कूटी की मूवमेंट भी ट्रेस की गई। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने घटना से पहले लगातार तीन दिनों तक मंदिर की रेकी की थी। उसने आसपास के अन्य मंदिरों की गतिविधियों का भी जायजा लिया था, लेकिन मौका मिलने पर सिद्धि विनायक मंदिर को निशाना बनाया। पुलिस के मुताबिक आरोपी का कानपुर में फिलहाल कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है, अन्य शहरों से उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रहे हैं।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

### हादसे में आर्थिक नुकसान होने के कारण की चोरी

- पूछताछ के दौरान मजीद अंसारी ने बताया कि हाल ही में हुए एक सड़क हादसे में उसे आर्थिक नुकसान हुआ था। इसी नुकसान की भरपाई करने के उद्देश्य से उसने चोरी की योजना बनाई। पुलिस के मुताबिक, आरोपी जावेद अहमद ने चोरी की गई चांदी को गला दिया था, जिससे उसकी संलिप्तता भी स्पष्ट हुई। पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### फर्राटा भर रही फार्च्यूनर ने अधेड़ की जान ली

**कानपुर।** गोविंद नगर में तेज रफ्तार फार्च्यूनर की टक्कर से घायल फैक्ट्री कर्मी की चार दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि हादसे में घायल में स्कूटर सवार युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में परिजनों ने पुलिस पर आरोपित कार सवार युवकों को छोड़ने का आरोप लगाया है।

साकेत नगर निवासी 50 वर्षीय बाबूराम बाजपेई दादानगर स्थित एक फैक्ट्री में काम करते थे। परिवार में पत्नी समिता, बेटी खुशी और बेटा कन्हैया हैं। बेटे कन्हैया ने बताया कि पिता रोज की तरह बुधवार शाम फैक्ट्री से पैदल घर लौट रहे थे। जैसे ही वह नंदलाल चौराहे के पास पहुंचे, पीछे से आ रही तेज रफ्तार फार्च्यूनर कार ने पहले एक स्कूटर सवार को टक्कर मारी, इसके बाद पिता बाबूराम को भी अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी तेज थी कि पिता उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दौड़ाकर कार चालक समेत अन्य लोगों पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं पुलिस ने उसी कार से घायलों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सोमवार को बाबूराम की उपचार के दौरान मौत हो गई। गोविंद नगर थाना प्रभारी रिकेश कुमार सिंह ने बताया कि लगाए जा रहे आरोप निराधार है।

# सीएमओ ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जानी हकीकत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिले में एक अप्रैल से विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की शुरुआत की गई थी, जिसकी जमीनी हकीकत जानने सोमवार को सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी गांधी ग्राम के विनोबा नगर पहुंचे। यहां पर उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को अभियान की जानकारी दी। अभी तक अभियान के तहत टीम क्षेत्र में आईं या नहीं, यह भी पूछा।

मार्च व अप्रैल माह में मौसम का मिजाज काफी गर्म होने लगता है और मच्छरों के पनपने का सिलसिला शुरू हो जाता है, जिसकी वजह से डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस (दिमागी बुखार) और डायरिया जैसे संचारी रोग पांव पसारने लगते हैं, जिनकी रोकथाम के लिए जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की शुरुआत की गई है। सोमवार को सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी, एसीएमओ (वीबीडी) डॉ.आरएन सिंह व जिला मलेरिया अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ विनोबा नगर मोहल्ले का निरीक्षण किया। अभियान के तहत घर-घर जाकर चल रही गतिविधियों का निरीक्षण किया। साथ ही लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। टीम ने अपील की है कि किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई दे तो लापरवाही बिल्कुल भी न करे और पास सरकारी अस्पताल में जांच व इलाज जरूर कराए। आशा कार्यकर्ताओं ने पंपलेट वितरण व घरों पर स्टीकर चस्पा किए। जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम पर चर्चा की। पशुपालन विभाग को पशुपालकों को जागरूक करते हुए पशु बाड़ों को आबादी से दूर रखने की सलाह दी। कृषि विभाग द्वारा चूहों व अन्य कृतकों से फैलने वाली स्क्रब टाइफस बीमारी के प्रति जागरूक किया।



विनोबा नगर में टीम के साथ महिला को जानकारी देते सीएमओ डॉ .हरिदत्त नेमी।

### नालियों में लार्वीसाइडल का छिड़काव

- अभियान के तहत शहरी क्षेत्रों में सोर्स रिडक्शन, ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, इंडोर स्पेस स्प्रे व नालियों में लार्वीसाइडल छिड़काव कराया गया। साथ ही एंटोमोलॉजिकल सर्वे कर लोगों को जलभराव रोकने, जमा पानी को हटाने, आवश्यकतानुसार केरोसीन या जला हुआ मोबिल ऑयल डालने, मच्छरों से बचाव के लिए रिपेलेंट क्रीम के उपयोग और पूरे शरीर को ढककर रखने की सलाह दी गई। साथ ही उर्सला अस्पताल परेड स्थित कंट्रोल रूम में हेल्पलाइन नंबर 0512-2333810, 9335301096 और नगर निगम स्थित कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर 0512-2526004 व 2526005 पर संचारी रोगों के लक्षण दिखने पर संपर्क की सलाह दी।

### छात्र पर सहपाठियों ने किया हमला

**कल्याणपुर।** काकादेव एम ब्लाक निवासी आशुतोष शुक्ला ने बताया कि उनका छोटा भाई अभय डा अम्बेडकर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलजी में द्वियांग छात्र है। यहां संस्थान के हास्टल में रहने वाले बुलंदशहर के अवनीश कुमार व मथुरा के अनीश कुमार चौधरी ने बीते शनिवार को उनके भाई के साथ गाली-गलौज की । विरोध करने पर उसके नकल पंच मार कर लहूलुहान कर दिया। घटना में अभय की आंख पर गंभीर चोट आई है। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जागरुकता के लिए सोलर रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत शहर के विकास भवन से की गई। जिसके तहत सिटी एक्सीलरेटर प्रोग्राम (सीएपी) का शुभारंभ किया गया। सोलर रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ शहर में घूमकर लोगों को योजना की जानकारी देगा।

कार्यक्रम यूपी नेडा, नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया और रॉकी माउंटेन इंस्टीट्यूट के तत्वाधान में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नीलिमा कटियार और मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन मौजूद रहीं, जबकि परियोजना निदेशक आलोक कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। यूपी नेडा के परियोजना अधिकारी राकेश पाण्डेय ने सीएपी के तहत चलाए जाने वाले जागरूकता अभियानों की जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल नागरिकों को सोलर ऊर्जा से जोड़कर बिजली बिल में कमी लाने में सहायक होगी। विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि सौर ऊर्जा पर्यावरण के लिए जरूरी है।



सोलर रथ को रवाना करते अधिकारी। अमृत विचार



ज्ञापन देते व्यापारी नेता। अमृत विचार

# सर्वे व छापों पर लगे रोक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** युद्ध की वजह से प्रभावित हो रहे कारोबार के बीच जीएसटी की ओर से की जा रही छापेमारी का सोमवार को व्यापारियों ने विरोध किया। कहा कि यह समय व्यापारियों के लिए कठिन है, इस स्थिति में जीएसटी विभाग छापेमारी पर रोक लगाए। स्टेट जीएसटी कमिश्नर से मुलाकात के दौरान व्यापारियों ने समस्याओं, सुझाव भी दिए। गोमती नगर स्थित स्टेट जीएसटी मुख्यालय में हुई मुलाकात के दौरान 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने स्टेट जीएसटी आयुक्त डॉ नितिन बंसल से वार्ता की। व्यापारी नेता ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि इज़राइल- ईरान युद्ध से उत्पन्न वैश्विक परिस्थितियों के कारण व्यापार एवं उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। ऐसे में स्टेट जीएसटी विभाग द्वारा सर्वे एवं छापेमारी की कार्यवाही पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। इस दौरान अशोक अग्रवाल ताजपुरिया , रोशन गुप्ता व प्रदेश संगठन मंत्री संजय सिंह भदौरिया मोजूद रहे।

### रेल लाइन कनेक्ट करने को कई ट्रेनों का रूट बदला

**कानपुर।** दानापुर मंडल में निओरा-जट डुमरी रेल लाइन कनेक्टिविटी कार्य के कारण कई गाड़ियों के मार्ग पर बदलाव किया गया है। गाड़ी 03294 नई दिल्ली-राजेंद्र नगर टर्मिनल एवं गाड़ी 19321 इंदौर-पटना एक्सप्रेस, 15658 कामाख्या-दिल्ली 25 अप्रैल, 13424 अजमेर-भागलपुर एवं गाड़ी 22359 पटना-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल एक्सप्रेस 26 अप्रैल को पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-गया-जहानाबाद-पटना के रास्ते चलेगी। 15635 ओखा-गुवाहाटी 24 अप्रैल को पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-गया-जहानाबाद-पटना-बक्सर के रास्ते से चलेगी। लोकमान्य टर्मिनल तिलक टर्मिनल से डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस, 22947 सूरत-भागलपुर एक्सप्रेस को 25 अप्रैल पंडित दीन दयाल उपाध्याय-गया-जहानाबाद-पटना-दिलदार नगर-बक्सर-आरा-दानापुर के रास्ते से चलेगी।

# सेंट्रल-गुवाहाटी समेत कई ट्रेनों का रूट बदलेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रयागराज स्टेशन पर यार्ड रिमोडलिंग कार्य के कारण कई गाड़ियों के मार्ग परिवर्तन, आंशिक निरस्तीकरण/ ओरिजिनेशन, रीशेड्युलिंग एवं रेग्यूलेशन में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है।



- प्रयागराज रेलवे स्टेशन के यार्ड में रिमॉडलिंग का कार्य किया जाएगा

**30** अप्रैल तक बदला रहेगा ट्रेनों का रूट

### इन गाड़ियों का रूट बदलेगा

- गाड़ी 04127 कानपुर सेंट्रल से गुवाहाटी साप्ताहिक अपने निर्धारित रूट के बजाय 30 अप्रैल कानपुर सेंट्रल-उन्नाव-लखनऊ-वाराणसी जंक्शन होते चलेगी।
- गाड़ी 07338 गाजीपुर सिटी से हुबली साप्ताहिक 30 अप्रैल वाराणसी-जौनपुर-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलेगी।
- गाड़ी संख्या 15734 भटिंडा-बल्लूरघाट साप्ताहिक 29 अप्रैल गाजियाबाद-लखनऊ-वाराणसी-पं. दीन दयाल उपाध्याय के रास्ते से चलेगी।
- गाड़ी 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनल से बलिया 29 अप्रैल मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी सिटी- वाराणसी-जौनपुर सिटी-औड़िहार के रास्ते से चलायेंगे।
- गाड़ी 11072 बलिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनल 30 अप्रैल जंघई-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-भीमसेन-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बीना होते हुए चलेगी।
- गाड़ी 12506 आनंद विहार-कामाख्या 30 अप्रैल गाजियाबाद–मुरादाबाद-लखनऊ-वाराणसी-पं. दीन दयाल उपाध्याय होते चलेगी।
- गाड़ी संख्या 12488 आनंद विहार-जोगबनी 30 अप्रैल गाजियाबाद-मुरादाबाद-खनऊ-वाराणसी-पं.दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन होते हुए चलेगी।
- गाड़ी संख्या 12816 आनंद विहार से पुरी प्रत्येक सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शनिवार को 30 अप्रैल से गाजियाबाद-मुरादाबाद-लखनऊ-वाराणसी जंक्शन-पं. दीन दयाल उपाध्याय के रास्ते चलेगी।
- गाड़ी संख्या 12324 बाडमेर-हावड़ा बुधवार, शनिवार को 30 अप्रैल से गाजियाबाद-मुरादाबाद-लखनऊ-वाराणसी-पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन होते हुए चलेगी।

### प्रयागराज रूट पर ट्रेनों के डायवर्जन में संशोधन

- वर्तमान में उत्तर रेलवे द्वारा ब्रिज संख्या 110 पर ब्लॉक के कारण कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज-मिर्जापुर-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन मार्ग से ट्रेनों का संचालन डायवर्ट किया गया था लेकिन अब इनमें कुछ संशोधन किया गया है।

### प्रयागराज छिंवकी स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव

- गाड़ी संख्या 15560 अहमदाबाद –दरभंगा एक्सप्रेस रात 8 .05 बजे छिवकी स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 15018 गोरखपुर लोक मान्य टर्मिन सायं 4 .39 बजे, 15159 अप व डाउन छपरा दुर्ग एक्सप्रेस दोपहर 3 .55 बजे, 11060 छपरा लोकमान्य टर्मिनल सायं 5 बजे छिंवकी स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार 20 से अधिक ऐसी ट्रेनें हैं जिसे छिवकी स्टशन पर 2 मिनट का ठहराव शुरूहो गया है।

# बस अड्डों पर वाटर कूलर पंखे, घड़ों की सुविधा दें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने पहली बार भीषण गर्मी एवं लू के प्रकोप को देखते हुए गाइड लाइन जारी करते सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये हैं। इसके लिए बसों का परीक्षण करने के भी दिशा निर्देश जारी हुए हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक संचालन अनिल कुमार ने सोमवार 20 अप्रैल को क्षेत्रीय प्रबंधक, सेवा प्रबंधक समेत विभिन्न परिवहन अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा है , लू गर्मी धूप के दुष्प्रभावों से प्रदेश के जनमानस को बचाने के लिए बचाव के उपाय किये जाने की आवश्यकता है। ऐसे में सभी डिपो, वकर्शाप में बसों का परीक्षण किया जाए कि उसकी कोई वायरिंग कटी पिटी नहीं हो, सारे उपकरण दुरुस्त रहें, कोई शीशा ढीला नहीं हो, कहीं बस रुके तो वहां खिड़कियां खोलने का सिस्टम बिल्कुल सही हो।

### ये सावधानियां बरतने की गाइड लाइन

- जल एव पोषण सम्बन्धी सावधानियां
- क्षेत्र के चालक एवं परिचालक पर्याप्त मात्रा में पानी (कम से कम 3-4 लीटर प्रतिदिन) का सेवन करें।
- यात्रा के दौरान हर हाल में यात्री अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखें।
- चाय कॉफी एवं कार्बोनेटेड (गैस युक्त) पेय से बचें क्योंकि ये शरीर को डिहाइड्रेट कर सकते हैं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### सीमा पर तैनात जवान की पत्नी से की बदसलूकी, दी धमकी

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर में एक फैब्रीकेटर ने जवान की पत्नी से बदसलूकी करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बारासिरोही निवासी अतुल कुमार सेना में जवान है। जो वर्तमान समय में लेह लद्दाख में तैनात है। यहां उनकी पत्नी रंजना त्रिपाठी अपने दो बच्चों के साथ घर पर रहती हैं। रंजना के मुताबिक उन्होंने घर पर फेब्रिकेशन का काम कराने के लिए रोहित मिश्रा को बारह हजार का ठेका दिया था। दस हजार रुपये उन्होंने रोहित को ऑन लाइन दिए थे। शेष दो हजार काम पूरा होने पर देने थे। लेकिन रोहित उनसे पूरी रकम देने का दबाव बना रहा था। विरोध करने पर रोहित ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया । झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी।

राहत | मोटी लोहे की चद्दर पर कंपोजिट स्लीपर बिछाने में जुटा रेलवे, लखनऊ रेलमार्ग पर ब्लाक की अवधि से पहले ही ट्रैक खोला

# ब्लाक अवधि से पहले ही चलने लगीं लखनऊ की ट्रेनें

अमृत विचार EXCLUSIVE

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा पुल पर ट्रैक के पुराने स्लीपर को बदलने के लिए 42 दिन का मेगा ब्लाक दिया गया था लेकिन 2 अप्रैल से 13 मई तक लिये गए मेगा ब्लाक के पहले ही लखनऊ रेलमार्ग पर ज्यादातर ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया है।

लखनऊ रेल मार्ग पर 2 अप्रैल 2026 से 13 मई तक सुबह 9.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक 42 दिनों का मेगा ब्लाक लिया गया था लेकिन गंगापुल पर इतनी तेज काम चल रहा है कि कुछ ट्रेनों को छोड़कर ज्यादातर ट्रेनों का संचालन शुरूकर दिया गया है। गंगापुल पर दर्जनों रेलकर्मी, मशीनें लगी हैं। गंगापुल पर ट्रैक के नीचे मोटी चद्दर बिछाकर उसपर स्टील का विशेष स्लीपर बिछाया जा रहा है, ये ऐसा स्लीपर है कि दशकों खराब नहीं होगा। पहले लकड़ी का स्लीपर ट्रैक पर बिछाया जाता था, उसके बाद सीमेंट का स्लीपर बिछाया जाने लगा लेकिन अब आधुनिक कंपोजिट स्लीपर बिछाने का काम शुरू हो गया है, इस स्लीपर के नीचे मोटी लोहे की चादर बिछायी जा रही है ताकि कभी खराब नहीं हो।



लगाए जा रहे स्टील के स्लीपर।

### ट्रेनों की लेटलतीफी मेगा ब्लाक से छुटकारा

- दिल्ली हावड़ा मुख्य रेलमार्ग समेत सभी रेल मार्गों पर जब ट्रैक का स्लीपर खराब या पुराना हो जाता है तो वहां दूसरा स्लीपर बिछाने के लिए मेगा ब्लाक लेना पड़ता है जिससे कई ट्रेनों को निरस्त करना पड़ता है। कई ट्रेनों को रुट बदल जाते हैं, कई ट्रेनों के रुट में कटौती कर दी जाती है लेकिन अब लोहे की चद्दर पर स्लीपर बिछाने के बाद मेगा ब्लाक की जरुरत नही पड़ेगी।

### पुलों पर बिछाए जाते कंपोजिट स्लीपर

- भारतीय रेलवे अब अपने ट्रैक नेटवर्क में सुरक्षा और स्थायित्व बढ़ाने के लिए आधुनिक कंपोजिट स्लीपर को शामिल करने का काम शुरु किया गया है।
- कंपोजिट स्लीपर : रेलवे ने विशेष रूप से पुलों के एप्रोच (पुलों के पास का हिस्सा) प्वाइंट्स, क्रासिंग जैसी जगहों पर कंक्रीट और लोहे के बजाए कंपोजिट स्लीपर लगाने का निर्णय लिया है।

### कंपोजिट स्लीपर की विशेषता

- इस कंपोजिट स्लीपर से ट्रेन गुजरते समय यात्रियों को झटका कम लगेगा।
- रखरखाव की लागत कम, इन्हें बिछाना भी आसान है।
- ये स्लीपर पुराने स्लीपरों की तुलना में हल्के और अधिक मजबूत हैं।
- कंपोजिट स्लीपर का वजन 700 किलोग्राम प्रति वर्ग सेंटीमीटर तक भार सहन करते हैं।

“गंगा पुल पर युद्धस्तर पर काम चल रहा है, लेटलतीफी कम करने के लिए कुछ ट्रेनें लखनऊ रेलमार्ग की निकाली जा रही हैं।

–अवधेश कुमार द्विवेदी, वरिष्ठ स्टेशन अधीक्षक, कानपुर सेंट्रल स्टेशन

## सिटी ब्रीफ

### बिजली चोरी पकड़ी

कानपुर। केस्को की विजिलेंस टीम ने सोमवार को आरपीएच उपकेंद्र में बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान का संचालन किया। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक ग्वालटोली के मकबरा में मो .असफाक, अहमद रफी, शाहिदा खातून, राशिदा बेगम व नजमा को बिजली चोरी करते पकड़ा गया है। पनकी में एस यादव व भूपेंद्र चोरी से बिजली इस्तेमाल करते मिले। इन सभी पर बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज की गई है।

### यहां नहीं रही बिजली

कानपुर। तिलक नगर फीडर की बिजली सोमवार को सुबह करीब साढ़े बजे ट्रांसफार्मर बदलने की वजह से गुल हो गई, दोपहर में दो बजे तक आई। नए बस कपलर को संयोजित व ऊर्जीकृत करने के लिए ई-ब्लाक गुजैनी के सभी फीडरों की बिजली दोपहर साढ़े 12 बजे से शाम को चार बजे तक नहीं रही। दबौली के गोपाला फीडर की बिजली सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक फीडर बाइफर्केशन की वजह से गुल रही।

### यहां आज नहीं आएगी बिजली

कानपुर। सूतरखाना, बेरीवाल, नयागंज, रामगंज, दानाखोरी, एक्सप्रेस रोड व विजय नगर में मंगलवार को बिजली सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक नहीं रहेगी। नंदलाल-2, चावला मार्केट व कच्ची बस्ती में दोपहर 12 बजे से शाम को चार बजे तक, पीरोड में सुबह 10 बजे से शाम को चार बजे तक, दयानंद विहार में सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक और सिंहपुर में सुबह 11 बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक बिजली गुल रहे।

### अंडर-16 ट्रायल में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

कानपुर। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सत्र 2026-27 के तहत आयोजित अंडर-16 ट्रायल मैचों में सोमवार को कानपुर साउथ-ए मैदान पर टीम 'ए' और 'बी' के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव कौशल कुमार सिंह के अनुसार, इस ट्रायल में कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। बल्लेबाजी में देवांश गुप्ता, सैयद अर्श अब्बास और राजवीर मल्होत्रा ने प्रभावशाली पारियां खेलीं। वहीं गेंदबाजी में नयन मल्होत्रा और अजीमुल हक ने सटीक लाइन-लेंथ से प्रभावित किया। यह ट्रायल आगामी सत्र के लिए टीम चयन की दृष्टि से अहम माना जा रहा है।

# माता-पिता के बिना भी नहीं टूटा हौसला, पाए 92% अंक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बिठूर के रमेल नगर की गरिमा सिंह ने दसवीं में 92 प्रतिशत अंक हासिल कर मिसाल पेश की है। स्कॉलर मिशन स्कूल की छात्रा गरिमा ने यह सफलता ऐसे समय में पाई, जब वह कम उम्र में ही माता-पिता दोनों को खो चुकी थी।

गरिमा के पिता अरविंद सिंह का निधन कोविड काल में हुआ था, जबकि उनकी माता संगीता सिंह का पहले ही ब्लड कैंसर से देहांत हो चुका था। कठिन हालात के बावजूद गरिमा ने पढ़ाई जारी रखी। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना से मिली आर्थिक सहायता ने उसकी राह आसान की। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत उसे प्रतिमाह चार हजार रुपये की सहायता मिली।



गरिमा को जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और प्रशासनिक सहयोग बना सहारा

जिससे उसकी शिक्षा और रोज के खर्चे संभले। वहीं पीएम केयर्स योजना के तहत 18 वर्ष की आयु पर 10 लाख रुपये की सहायता का प्रावधान है। गरिमा को प्रशासनिक मार्गदर्शन भी मिला। गत वर्ष दीपावली पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने उससे मुलाकात कर उसे प्रेरित किया था। सफलता के बाद गरिमा ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से भेंट की, जहां उन्हें सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

## 59 साल की उम्र में फिर जगी पढ़ने की लगन

पढ़ो-बढ़ो

कार्यालय संवादाता, कानपुर

अमृत विचार। कहते हैं कि पढ़ाई की कोई उम्र नहीं होती और इस बात को सच कर दिखाया है ग्वालटोली निवासी 59 वर्षीय अशफाक आलम ने। सोमवार को वे जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय पहुंचे और 9वीं कक्षा में प्रवेश दिलाने की इच्छा जताई।।

अशफाक आलम ने बताया कि उन्होंने वर्ष 1977 में आठवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद पारिवारिक परिस्थितियों के चलते पढ़ाई छोड़ दी थी। इसके बाद जीवन की जिम्मेदारियों में उलझे रहने के



अशफाक। अमृत विचार

- अशफाक आलम ने 9वीं में दाखिले की जताई इच्छा

कारण वे अपनी शिक्षा पूरी नहीं कर सके। हालांकि अब उनकी पत्नी के प्रोत्साहन से उनके मन में फिर से पढ़ाई करने की इच्छा जागी है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य पहले 9वीं कक्षा में प्रवेश लेना है और इसके बाद 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करना है।

अशफाक का कहना है कि शिक्षा व्यक्ति को न केवल ज्ञान देती है, बल्कि समाज में सम्मान भी दिलाती है, इसलिए वे अब अपनी अधूरी पढ़ाई पूरी करना चाहते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के अधिकारियों ने उन्हें आवश्यक प्रक्रिया की जानकारी दी। उनकी इस पहल से यह संदेश जाता है कि यदि मन में दृढ़ इच्छा और लगन हो, तो किसी भी उम्र में शिक्षा हासिल की जा सकती है। अशफाक आलम की यह कहानी समाज के लिए एक प्रेरणा बन गई है, जो यह बताती है कि सीखने की कोई सीमा नहीं होती।


www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


## पहलगाम हमले की बरसी पर दी जाएगी श्रद्धांजलि

कानपुर। पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने और ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के पराक्रम को सम्मानित करने के उद्देश्य से 22 अप्रैल को शाम चार बजे लाजपत भवन मोतीझील में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कानपुर के वीर सपूत शहीद शुभम द्विवेदी सहित सभी शहीदों को याद किया जाएगा।

कार्यक्रम में बद्रिका आश्रम धाम के शंकराचार्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शामिल होंगे। साकेत नगर स्थित होटल ओशन ग्रांड में प्रेस वार्ता में आयोजकों ने कहा कि यह आयोजन शहीदों के सम्मान का प्रतीक होगा।

# प्रदेश में 70 लाख मीटर बिना सहमति के हुए प्रीपेड

### उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बताया नियम विरुद्ध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की अनिवार्यता समाप्त होने के बावजूद भी नए कनेक्शनों में पावर कॉरपोरेशन ने केवल प्रीपेड मोड लागू कर रखा है। वहीं, पूरे प्रदेश में 70 लाख उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर को बिना उनकी सहमति के प्रीपेड मोड में बदल दिया गया है, जो नियम के विरुद्ध है। ऐसे में उपभोक्ता परिषद की मांग है कि बिना सहमति प्रीपेड किए गए सभी मीटरों को तत्काल पोस्टपेड किया जाए।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व देश की ऊर्जा क्षेत्र की सर्वोच्च सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी के सदस्य अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि वह लंबे समय से यह मांग उठा रहे है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर की गुणवत्ता में गंभीर तकनीकी खामियां हैं। मीटरिंग से जुड़ी एमडीएम व एचईएस प्रणाली की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए, इसमे विदेशी (विशेषकर चीनी) कंपोनेंट होने की आशंका भी जताई गई है। इसपर पावर कॉरपोरेशन ने चार सदस्यीय तकनीकी समिति का गठन किया है और 10 दिन में तकनीकी समिति को रिपोर्ट देने को कहा है।

इसपर परिषद का कहना है कि यह मामला इतना जटिल और गंभीर है कि 10 दिन में रिपोर्ट नहीं दी जा सकती है। परिषद ने पावर कॉरपोरेशन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि संस्था को कानून और निर्धारित प्रक्रियाओं के तहत ही कार्य करना चाहिए। परिषद की प्रमुख मांग है कि लगभग 70 लाख उपभोक्ताओं, जिनके कनेक्शन को बिना सहमति प्रीपेड मोड में परिवर्तित किया गया है, उन्हें तत्काल प्रभाव से पोस्टपेड मोड में वापस किया जाए। अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि भारत सरकार के अंतर्गत सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी ने एक अप्रैल 2026 से प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। इसके बावजूद प्रदेश की बिजली कंपनियां नए उपभोक्ताओं को केवल प्रीपेड कनेक्शन ही दे रही हैं, जो कि केंद्रीय दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। परिषद का आरोप है कि 2 अप्रैल 19 अप्रैल तक सभी कनेक्शन प्रीपेड मोड में ही दिए गए, जो नियमों के विपरीत है। मांग है कि नए कनेक्शन फिलहाल पोस्टपेड मोड में उपलब्ध पारंपरिक मीटरों के माध्यम से दिए जाएं, जब तक तकनीकी जांच पूरी न हो जाए और गुणवत्ता प्रमाणित न हो जाए।

**2 अप्रैल से 19 अप्रैल तक दिए कनेक्शन**

| | |
|---|---|
| कुल प्राप्त हुए आवेदन | 94,471 |
| उपभोक्ताओं के निरीक्षण हुए पूरे | 37,701 |
| आवेदन स्वीकृत हुये | 42,301 |
| बिजली कनेक्शन जारी किए गए | 8,341 |
| कनेक्शन अभी लंबित | 12,630 |



## तहसील दिवस की शिकायतों पर एक्शन शुरू

कानपुर। तहसील दिवस में मिली शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सख्ती के साथ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। सोमवार को एसडीएम नरवल विवेक मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस और संबंधित विभागों की संयुक्त टीम ने शिकायतों का मौके पर ही समाधान कराया। सचौली में फोरलेन कॉरिडोर के तहत बन रही पुलिया के कारण जलनिकासी बाधित होने की शिकायत पर एसडीएम स्वयं मौके पर पहुंचे। निरीक्षण में समस्या सही पाए जाने पर उन्होंने लोक निर्माण विभाग को तत्काल जल निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

नगवा गौतम गांव में रास्ता अवरुद्ध किए जाने पर बंद गेट खुलवाकर आवागमन बहाल कराया। किसाखेड़ा में नाली विवाद की शिकायत पर नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम ने मौके पर नाली खुदवाकर समस्या का समाधान कराया। इसके अलावा कुढ़नी और बारिगांव में भी राजस्व टीम ने शिकायतों का निस्तारण किया। एसडीएम विवेक मिश्रा ने बताया कि सभी प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग व क्रॉस वेरिफिकेशन कर लोगों की समस्या का हल किया जा रहा है।



ज्ञापन देते दिव्यांगजन। अमृत विचार

# परिवहन की बसों में स्मार्ट कार्ड के लिए दिव्यांगजनों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा के लिए परिचालकों द्वारा दिव्यांगजनों से स्मार्ट कार्ड मांगे जाने की आ रही शिकायतों को लेकर राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने क्षेत्रीय प्रबंधक कार्याल का घेराव किया। सोमवार को राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी द्वारा आजाद नगर स्थित क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि अगर परिवहन निगम बसों के परिचालक दिव्यांगजनों से निःशुल्क यात्रा के लिए स्मार्ट कार्ड मांगते हैं या फिर निःशुल्क यात्रा में कोई बाधा डालते हैं तो दिव्यांजन ऐसे परिचालक के खिलाफ नजदीक के पुलिस थानों में दिव्यांगजन अधिनियम 2016 के तहत मुकदमा दर्ज करायें।

इस संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक महेश कुमार ने कहा कि स्मार्ट कार्ड की कोई स्कीम सरकार की तरफ से नहीं आई है।यूडीआईडी कार्ड के आधार पर ही दिव्यांगजन राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन फर्जी अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहें। प्रदर्शन के दौरान राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, वैभव दीक्षित, गुड्डी दीक्षित, ओम प्रकाश दास, गौरव, राहुल विश्वकर्मा, कमलेश सिंह, रानी तिवारी, विवेक तिवारी,साबीरा खातून, इसरार अहमद,किशन कुमार अवस्थी, अजीत कुमार, राम शंकर माली आदि उपस्थित थे।



मैन आफ द मैच पुरस्कार दिया गया। अमृत विचार

# हाईवे किनारे नियम विरुद्ध निर्माणों पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। राष्ट्रीय हाइवों के किनारे मानक विरुद्ध अवैध रूप से बने होटल, ढ़ाबे, दुकान भवनों पर एनएचएआई द्वारा कार्रवाई की जाएगी। कई बार कुछ ट्रक, डंपर व वाहन इनके आसपास रुक जाते हैं, जिसकी वजह से हादसे हो जाते हैं। नेशनल हाइवे पर सड़क के किनारे ट्रक खड़े नहीं हो पाएंगे। ऐसा करने पर उन वाहनों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्गों की मुख्य सड़क और किनारों पर भारी और वाणिज्यिक वाहनों की पार्किंग पर पूर्ण प्रतिबंध का आदेश दिया है। साथ ही, राजमार्गों के अधिकार क्षेत्र में बने अनाधिकृत ढाबों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को 60 दिनों के अंदर हटाने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद अब कानपुर से हमीरपुर-सागर हाईवे, कानपुर से लखनऊ, कानपुर से प्रयागराज, कानपुर से अलीगढ़, कानपुर से झांसी व दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अभियान चलाएगा। अनाधिकृत रूप से बने भवनों के स्वामियों को नोटिस दी जाएगी। जब वे स्वतः अनाधिकृत निर्माण नहीं हटाएंगे तो फिर प्राधिकरण प्रशासन की मदद से उन्हें हटवाएगा। अवैध निर्माण हटाने में आने वाले खर्च की वसूली भी संबंधित अतिक्रमणकारी से की जाएगी। इसके साथ ही हाईवे किनारे पार्क होने वाले वाहनों पर भी शिकंजा कसेगा। ताकि हादसे रोके जा सकें। गलत ढंग से सड़क किनारे खड़े वाहनों से अक्सर तेज रफ्तार वाहन टकराते हैं और जानमाल का नुकसान होता है। इस गंभीर समस्या से निजात के लिए प्राधिकरण की ओर से अभियान तो चलाया जाता है लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात जैसा होता है क्योंकि अधिकारी झुग्गी झोपड़ी, गुमटी, ठेले हटाते हैं और कुछ दिन बाद अतिक्रमण फिर हो जाता है। वाहन चालकों को चेतावनी भी देते हैं लेकिन वे कहां मानने वाले सड़क किनारे ही वाहन पार्क कर देते हैं।

- हाइवे के मध्य 75 मीटर की दूरी के अंदर आने वाले निर्माण किए जाएंगे ध्वस्त



मदरसा में खिताब करते शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी। अमृत विचार

## मदरसा इशाअतुल उलूम में बुखारी शरीफ आए

कानपुर। मदरसा अरबिया इशाअतुल उलूम में बुखारी शरीफ का आगाज हुआ। इस मौके पर शहरकाजी हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने दुआ कराई ।सोमवार को कुलीबाजार स्थित मदरसा इशाअतुल उलूम में आयोजित समारोह की अध्यक्षता हाफिज अब्दुल कुद्दूस बादी ने की। इस दौरान मस्जिद शेख हुमायूं कर्नलगंज के पेशइमाम मौलाना हफीजुर्रहमान अखरफी के संबंध में एक श्रद्धांजलि सभा की गई और उनके मगफिरत के लिए दुआएं की गईं।

# पटेल प्रॉपर्टीज और के जी रेंजर्स ने पाई जीत

कार्यालय संवादाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से कराए जा रहे सीसीएल टी20 टूर्नामेंट में सोमवार को सप्रू मैदान पर हुए मुकाबले में पटेल प्रॉपर्टीज और केजी रेंजर्स ने अपने-अपने मैच जीते।

पहले मैच में पटेल प्रॉपर्टीज की 8 विकेट से जीतः

दिन के पहले मुकाबले में स्पार्क इंटरनेशनल ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 151 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से जहीरुद्दीन ने सर्वाधिक 44 रन और गोपाल सिंह ने 36 रनों का योगदान दिया। पटेल प्रॉपर्टीज के गेंदबाज राम सिंह ने 24 रन देकर 3 विकेट झटके, जबकि सुशील राय ने 2 विकेट लिए। जवाब में पटेल प्रॉपर्टीज ने 16.5 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम के लिए गौरव पाठक ने नाबाद 48 रन, मनिंदर सिंह ने 46 रन और अंकुल कुमार ने नाबाद 30 रनों की पारी खेली। गौरव पाठक को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

- गौरव पाठक व मोहिब अंसारी मैन ऑफ द मैच बने

**केजी रेंजर्स ने नाइट स्कोचर्स को हराया:** दूसरे मैच में केजी रेंजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 8 विकेट पर 169 रनों का स्कोर बनाया। मोहिब अंसारी ने 41 और आयुष पाठक ने 38 रनों की पारी खेली। नाइट स्कोचर्स की ओर से डॉ. सचिन ने 21 रन देकर 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नाइट स्कोचर्स की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 140 रन ही बना सकी और उसे 29 रनों से हार का सामना करना पड़ा। प्रकाश चावला और उमाशंकर वर्मा ने 39-39 रन बनाए। केजी रेंजर्स के गेंदबाज मोहिब अंसारी, राहुल गांधी, सर्वेश और भरत पाण्डे ने 2-2 विकेट लिए।

खेल जगत

बेस्ट एचबीटीयू प्लेयर का पुरस्कार भाव्या भार्गव ने जीता, पहला स्थान ऋषभ ने पाया

# शतरंज के ओपन वर्ग में सात राउंड तो अंडर-11 में पांच मुकाबले

कार्यालय संवादाता, कानपुर

अमृत विचार। हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय (एचबीटीयू) के बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा आरके ऑडिटोरियम में एकदिवसीय जिला स्तरीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विभाग की डॉ. युक्ति गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता दो वर्गों—ओपन वर्ग एवं 11 वर्ष से कम आयु वर्ग—में आयोजित हुई, जिसमें कुल 220 खिलाड़ियों (ओपन में 174 और अंडर-11 में 46) ने भाग लिया। ओपन वर्ग में सात राउंड जबकि अंडर-11 वर्ग में पांच राउंड के मुकाबले खेले गए। समापन समारोह में प्रो. ललित कुमार सिंह (डीन/एचओडी, बायोटेक) ने विजेताओं को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान किए। अंडर-11 वर्ग में डॉ. युक्ति गुप्ता, डॉ. नीरज मिश्रा और मोहित निगम ने पुरस्कार वितरित किए। प्रतियोगिता का संचालन सीनियर नेशनल आर्बिटर कुसुम शर्मा ने किया, जबकि सहायक आर्बिटर के रूप में बाल गोविंद अवस्थी, प्रशंसा वर्मा, कमल खेमानी और अभय द्विवेदी रहे। ओपन वर्ग में ऋषभ निषाद और प्रशांत कटिहार ने 6.5 अंक अर्जित कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जिसमें बेहतर टाई-ब्रेक के आधार पर ऋषभ निषाद विजेता रहे। यह जानकारी कानपुर चेस एसोसिएशन के सचिव दिलीप श्रीवास्तव ने दी।



विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी और प्रमाणपत्र दिए गए। अमृत विचार

| स्थान | खिलाड़ी | अंक | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | ऋषभ निषाद | 6.5 | 2700 |
| 2 | प्रशांत कटिहार | 6.5 | 2000 |
| 3 | विकास निषाद | 6 | 1500 |
| 4 | राजेश शर्मा | 6 | 1000 |
| 5 | सत्येंद्र सिंह | 5.5 | 1000 |
| 6 | शशांक श्रीवास्तव | 5.5 | 600 |

### बेस्ट फीमेल

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सुमुखी शुक्ला | 6 अंक | 1500 |
| 2. | शिवांगी | 5 अंक | 1100 |
| 3. | आकृति गुप्ता | 4.5 अंक | 800 |

### बेस्ट सीनियर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | मोहम्मद जफर | 6 अंक | 1000 |
| 2 | राजेंद्र कुमार | 5.5 अंक | 800 |

बेस्ट एचबीटीयू प्लेयर : भव्या भार्गव (4.5 अंक)

## ओलम्पिक क्लब ने जीता प्रथम हरेन्द्र पाल आनन्द क्रिकेट टूर्नामेंट

कानपुर। सदर्न क्लब की ओर से कराए जा रहे प्रथम हरेन्द्र पाल आनन्द क्रिकेट टूर्नामेंट को ओलम्पिक क्लब ने जीता। निर्णायक मुकाबले में अशोका ज्योति को 9 विकेट से हार का मुंह देखना पड़ा।

- **मैच का विवरण :** अशोका ज्योति ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 32 ओवरों में 131 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से राघव अवस्थी ने 84 रन की पारी खेली। प्रांशु गुप्ता ने 24 रनों का योगदान दिया। ओलम्पिक क्लब के गेंदबाज अनिकेत कुमार ने 26 रन देकर 4 विकेट झटके, पुनीत पाल और राज कटियार ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओलम्पिक क्लब की टीम ने 21 ओवरों में 1 विकेट खोकर 134 रन बना आसानी से बना लिए। पुनीत पाल ने नाबाद 83 रन बनाए। लक्ष्य यादव 26 रन पर नाबाद रहे और अक्षत यादव ने 21 रनों का योगदान दिया। इस अवसर पर सचिव कृष्णा बाली सहित कौशल कुमार सिंह, शुभदीप आनन्द, कृष्णा बाली, पीएस नेगी और सौरभ जायसवाल आदि रहे।

## सिटी ब्रीफ

### आरएसएस के शताब्दी वर्ष में वीर क्रांतिकारी नाट्य मंचन

**कानपुर।** किदवई नगर स्थित शिवधाम बाला जी पार्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में वीर क्रांतिकारी नाट्य मंचन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रांत कार्यवाह रामकेश और मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारक श्रीराम द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। श्रीराम ने युवाओं को देश के गौरवशाली इतिहास और शहीदों के बलिदान से अवगत कराने पर जोर दिया। उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का आह्वान किया। इस दौरान उमंग, बालादित्य और कार्तिकेय जैसे कलाकारों ने राष्ट्रभक्ति की शानदार प्रस्तुति दी।

### केडीएमए क्रिकेट लीग में सिंहानिया एकेडमी की जीत

**कानपुर।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन की केडीएमए क्रिकेट लीग में सोमवार को तीन मुकाबले खेले गए। पहले मैच में सर पदमपत सिंहानिया स्पोर्ट्स एकेडमी ने प्रदर्शन करते हुए बीसीए को 126 रनों से शिकस्त दी। राहुल सप्रू मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में शिवा सोनकर (108) और वंश निगम (105) के शतकों की बदौलत टीम ने 274 रन बनाए। जवाब में बीसीए 148 रनों पर सिमट गई। प्रांजुल देव ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके। दूसरे मैच में पीएसी ने खाण्डेकर क्रिकेट एकेडमी को 6 विकेट से हराया। खाण्डेकर की टीम 192 रनों पर ऑलआउट हो गई, जबकि पीएसी ने विनायक सिंह (62) और संदीप मित्तल (नाबाद 56) की बदौलत लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। तीसरे मैच में चित्रा क्रिकेट एकेडमी ने केस्को को 5 विकेट से मात दी। केस्को के 179 रनों के जवाब में चित्रा ने मयंक (73*) और प्रिंस यादव (57) की पारियों से जीत दर्ज की।

### अंडर-16 ट्रायल में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सत्र 2026-27 के तहत आयोजित अंडर-16 ट्रायल मैचों में सोमवार को कानपुर साउथ-ए मैदान पर टीम 'ए' और 'बी' के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव कौशल कुमार सिंह के अनुसार, इस ट्रायल में कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। बल्लेबाजी में देवांश गुप्ता, सैयद अर्श अब्बास और राजवीर मल्होत्रा ने प्रभावशाली पारियां खेलीं। वहीं गेंदबाजी में नयन मल्होत्रा और अजीमुल हक ने सटीक लाइन-लेंथ से प्रभावित किया। यह ट्रायल आगामी सत्र के लिए टीम चयन की दृष्टि से अहम माना जा रहा है।

### चयनित 194 युवाओं को लेकर बस पहुंची गुजरात

**कानपुर।** जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत मारुति सुजुकी कंपनी में चयनित 194 पुरुष अभ्यर्थियों को निःशुल्क बस के माध्यम से गुजरात स्थित कंपनी इकाई के लिए रवाना किया गया। सभी युवा सुरक्षित गुजरात पहपंच गए। कार्यक्रम का शुभारंभ नोडल प्रधानाचार्य हरीश कुमार मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना कर किया। प्रधानाचार्य ने चयनित युवाओं को हुए कहा कि यह अवसर पर उनके जीवन में आत्मनिर्भरता की ओर एक मजबूत कदम है। उन्होंने युवाओं को अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी के साथ कार्य करने की सीख देते हुए कहा कि वे अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें। प्लेसमेंट सेल के माध्यम से आयोजित इस भर्ती प्रक्रिया में चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा विभिन्न उत्पादन और तकनीकी कार्यों के लिए नियुक्त किया गया है। अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें सुरक्षित यात्रा के लिए निःशुल्क बस उपलब्ध कराई गई।

इस दौरान प्लेसमेंट सेल से जुड़े प्रमोद कुमार पाण्डेय, विभव शुक्ला, रितेश शुक्ला, अजय द्विवेदी व रिजवान सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने चयनित युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस पहल से क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा।

# कड़ी मेहनत, निरंतर पढ़ाई से परीक्षा में सफलता पाई

## जेईई मेन 2026 का परिणाम हुआ घोषित, मेधावियों में खुशी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जेईई मेन 2026 का परीक्षा परिणाम सोमवार को जारी कर दिया गया। परिणाम जारी होने के बाद परीक्षार्थियों ने अपना परिणाम देख भविष्य के बनाए लक्ष्य की ओर एक कदम आगे बढ़ाया। बेहतर परीक्षा परिणाम हासिल करने वाले मेधावियों ने बताया कि कड़ी मेहनत, पढ़ाई में निरंतरता से उन लोगों ने सफलता हासिल की है।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से शाम को जारी किए परीक्षा परिणाम को लेकर परीक्षार्थी उत्साहित रहे। एनटीए की ओर से फाइनल की जारी होने के बाद ही रिजल्ट घोषित किया गया। अचानक आए परीक्षा परिणाम में बेहतर परसेंटाइल हासिल करने के बाद मेधावियों ने राहत की सांस ली। इसके साथ ही अपने लक्ष्य की ओर से फोकस किया। ज्यादातर परीक्षार्थियों ने बताया कि अब उनका अगला लक्ष्य जेईई एडवांस में बेहतर परिणाम हासिल करने पर है।

उधर बेहतर अंक लाने के बाद मेधावियों ने बताया कि इस कठिन परीक्षा में सबसे जरूरी पढ़ाई में निरंतरता है। यदि पढ़ाई में निरंतरता जारी रही तो परिणाम भी बनाए गए लक्ष्य के अनुसार हासिल हो सकेंगे।

### शोध में बनाएंगे भविष्य

- परीक्षा में आजाद नगर निवासी ओजश्वेत पसरीचा ने 99.8 फीसदी परसेंटाइल हासिल किए है। ओजश्वेत के पिता रजनीश पसरीचा एक कारोबारी व मां स्मिता पसरीचा गृहणी है। ओजश्वेत ने बताया कि अब उनका अगला लक्ष्य जेईई एडवांश में बेहतर प्रदर्शन करना है। उन्होंने बताया कि वे भविष्य में कंप्यूटर और गणित में शोधकार्य करना चाहते हैं। इसके लिए वे बंगलुरू के आईआईएससी में प्रवेश लेने का लक्ष्य बनाया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए वे लगातार तैयारी कर रहे हैं।


ओजश्वेत।

### कंप्यूटर साइंस में भविष्य

- परीक्षा के दौरान 99.6 फीसदी परसेंटाइल लाने वाले जूही लाल कॉलोनी निवासी श्लोक चौखानी अब एडवांश की तैयारी में जुट गए हैं। श्लोक ने बताया कि उनके पिता संदीप चौखानी एक व्यापारी हैं जबकि मां राशिका चौखानी गृहणी है। अपने लक्ष्य के बारे में बताया कि वे अब बेहतर तैयारी कर कानपुर आईआईटी में प्रवेश लेना चाह रहे हैं। इसके लिए वे अब जेईई एडवांश में बेहतर परिणाम लाना चाह रहे हैं। परीक्षा की तैयारियों पर कहा कि उन्होंने ऑनलाइन पढ़ाई से दूरी बनाई है। इसकी वजह ऑनलाइन पढ़ाई के दौरान एकाग्रता भंग होना उन्होंने बताया है। कहा कि जब शिक्षक से सीधे पढ़ाई की जाती है तो फोकस होता है। कुछ भ्रम होने पर तुरंत ही प्रश्न के जरिए उसे दूर किया जा सकता है।


श्लोक।

### प्रो. अनिल के. लालवानी बने गैंगवाल स्कूल के प्रथम डीन

**कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर ने प्रो. अनिल के. लालवानी, एमडी, को गैंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी का प्रथम डीन नियुक्त किया है। प्रो. लालवानी एक चिकित्सक-वैज्ञानिक, शिक्षक और नवाचारकर्ता हैं। प्रो. लालवानी वर्तमान में कोलंबिया विश्वविद्यालय में ओटोलरिंजोलॉजी (कान, नाक और गला) तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर हैं। वे वहां एसोसिएट डीन (स्टूडेंट रिसर्च) और वाइस चेयर (रिसर्च) के पद पर भी कार्यरत हैं। इसके अलावा वे कोलंबिया वेगेलोस कॉलेज ऑफ फिजीशियंस एंड सर्जन्स में कोक्लियर इम्प्लांट सेंटर के सह-निदेशक हैं और न्यूयॉर्क-प्रेस्बिटेरियन हॉस्पिटल में मेडिकल डायरेक्टर के रूप में भी कार्य कर रहे हैं।



उन्होंने न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, सैन फ्रांसिस्को जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भी काम किया है। प्रो. लालवानी सुनने से जुड़ी बीमारियों और सर्जरी के क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञों में से एक हैं।

# किसानों के काम आएं, नाम बढ़ाएं

- सीएसए के नए कुलपति डॉ संजीव गुप्ता ने संभाला कार्यभार
- विद्यार्थियों एवं किसानों को सुविधा और शोध को बताया प्राथमिकता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नए कुलपति डॉ संजीव गुप्ता ने सोमवार को कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने छात्रों और किसानों को अधिक सुविधाएं दिए जाने को अपनी पहली प्राथमिकताएं बताई। कहा कि विश्वविद्यालय में शोध कार्य को बढ़ावा मिल सके इसके लिए विशेष कार्य किए जाएंगे।

नवनियुक्त कुलपति डॉ संजीव गुप्ता ने कार्यभार संभालने के दौरान सीएसए के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं व अधिकारियों के साथ बैठक भी की। जिसमें उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक व गैर-शिक्षक वर्ग की यह जिम्मेदारी बनती है कि विश्वविद्यालय के हित में सभी को मिलकर काम करना होगा। सभी को सेवाभाव से मिलकर काम करना होगा। इसके लिए दूरगामी सोच व उसके सकारात्मक परिणाम को ध्यान में रखकर ऐसी योजना बनानी होंगी। जो विश्वविद्यालय को प्रगति के शिखर पर ले जाएं। उन्होंने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि ग्रामीण परिवेश की महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण हासिल कराएं। जिससे वे स्वरोजगार स्थापित करते हुए आत्मनिर्भर बनें।

बैठक में कुलपति के तकनीकी सचिव ओमप्रकाश, विश्वविद्यालय की कुलसचिव रेनू सिंह, निदेशक शोध डॉ महक सिंह, निदेशक प्रसार डॉ वीके त्रिपाठी, कृषि कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. कौशल कुमार, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ मुकेश मुकेश श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।


कार्यभार संभालते डॉ. संजीव गुप्ता। अमृत विचार

### यह गिनाईं प्राथमिकताएं

- किसानों को विश्वविद्यालय के सहयोग से अधिक से अधिक सुविधा मुहैया करवाना।
- विश्वविद्यालय के बाहरी केंद्रों पर शोध गतिविधियों को बढ़ावा देना, जिससे उन्नत बीजों व तकनीकों का विकास हो।
- सकारात्मक सोच के साथ काम करना व विद्यार्थियों को विदेशी तर्ज पर शिक्षा मुहैया करवाना।
- विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा प्रदान देने पर जोर दिया जाएग, जिससे विद्यार्थी स्वरोजगार स्थापित कर स्वावलंबी बन सकें।
- मशीनीकरण को बढ़ावा देते हुए किसानों की आमदनी बढ़ाने की दिशा में भी काम किए जाएंगे।
- बुनियादी ढांचा मजबूत करना।
- स्टाफ कमी को पूरा करना।

# यूआईईटी में बीटेक एमटेक और इंटीग्रेटेड एमएससी में प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ईसीई) विभाग में नए सत्र के लिए प्रवेश शुरू हो गए है। प्रवेश के लिए युवा ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बीटेक में 90 सीटों पर प्रवेश जेईई मेन मेरिट के आधार पर होगा।

विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि विभाग में छात्रों को अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग, माइक्रोवेव एवं वायरलेस, ऑप्टिकल कम्युनिकेशन, वीएलएसआई डिजाइन और आईओटी जैसी उन्नत लैब छात्रों को तकनीकी रूप से सक्षम बना रही हैं। इसके साथ ही एआईसीटीई आइडिया लैब और ड्रोन लैब नवाचार एवं स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा दे रही हैं। यूआईईटी के निदेशक डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों को इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप तैयार करना है। बीटेक (ईसीई) के विद्यार्थियों को वीएलएसआई डिजाइन, आईओटी एवं एम्बेडेड सिस्टम और डिफेंस टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में माइनर स्पेशलाइजेशन का विकल्प भी दिया जा रहा है। खास बात यह है कि यहां पारंपरिक पाठ्यक्रमों के साथ इंटीग्रेटेड एमएससी इलेक्ट्रॉनिक्स (वीएलएसआई एवं आईओटी सिस्टम) जैसा भविष्य उन्मुख कोर्स भी संचालित हो रहा है।

### 4 वर्षीय बीटेक

- विभाग में चार वर्षीय बीटेक, दो वर्षीय एमटेक, पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड एमएससी और तीन वर्षीय डिप्लोमा कोर्स संचालित हैं। बीटेक में 90 सीटों पर प्रवेश जेईई मेन मेरिट के आधार पर होता है, जिसकी वार्षिक फीस लगभग 90,200 रुपये है। इंटीग्रेटेड एमएससी में 30 सीटें हैं और इसकी वार्षिक फीस लगभग 30,200 रुपये निर्धारित है। एमटेक में 30 सीटों पर प्रवेश मेरिट के आधार पर होता है, जबकि डिप्लोमा कोर्स भी उपलब्ध है।

### यहां हुआ प्लेसमेट

- छात्र कैडेंस, टीसीएस, एचसीएल, वोडाफोन आइडिया, एयरटेल और रिलायंस जियो जैसी कंपनियों में चयनित हो रहे हैं, जहां अधिकतम पैकेज 15 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंचा है। इसके अलावा छात्र इसरो, डीआरडीओ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और रेलवे जैसी सरकारी संस्थाओं में भी अपनी जगह बना रहे हैं। शोध और नवाचार के क्षेत्र में भी विभाग तेजी से आगे बढ़ रहा है। शिक्षकों और छात्रों के शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो रहे हैं और विभाग के नाम कई पेटेंट भी दर्ज हैं।


महायज्ञ में पूजा करते भक्त। अमृत विचार

# धूनी ध्यान केंद्र में लक्ष्मीनारायण महायज्ञ

- धूनी ध्यान केंद्र में हुआ लक्ष्मीनारायण महायज्ञ

**कानपुर।** विकास नगर, उद्यान विहार गेट नंबर-दो स्थित धूनी ध्यान केंद्र में सोमवार को शकुंतला शक्तिपीठ के संस्थापक डॉ.आचार्य अमरेश मिश्र व कोषाध्यक्ष डॉ.सुनीता मिश्रा ने लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन किया, जिसमे मां गंगा के अभिषेक के बाद गणेश गौरी, नवगृह व 33 करोड़ देवताओं का पूजन किया। लक्ष्मी नारायण के प्रसन्नार्थ राष्ट्र की संपन्नता सम्प्रभुता के लिए सवा लाख कमल बीज व कमल पुष्णों से कदली मंडप में विराजमान लक्ष्मी नारायण का दिव्य श्रंगार किया। धनश्याम मिश्र ने विद्यावान आचार्यों व संतों के साथ विष्णु सहस्त्रनाम, लक्ष्मी सहस्त्रनाम व कनकधारा श्रीसूक्ति के 1600 पाठ किये। विश्व के कुछ देशों के बीच हो रहे युद्ध की शांति के लिए प्रार्थना की। डॉ.आचार्य अमरेश मिश्र ने बताया कि त्रेतायुग का शुभारंभ अक्षय तृतीया पर हुआ था। पं.केए दुबे पद्मेश ने संत व विद्यवानों को शाकुंतल श्रीरत्न से सम्मानित किया। कोषाध्यक्ष डॉ.सुनीता मिश्रा ने कन्याओं को भोजन कराकर उन्हें वस्त्र व दक्षिणा प्रदान की। इस दौरान एमएलसी विधायक सलिल विश्नोई, विधायक नीलिमा कटियार, पार्षद कमलेश, सूरज, हेमंत, अनुराधा जायसवाल समेत आदि भक्त रहे।

# कल पहली फ्लाइट में कानपुर के 167 हज आजमीन जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 22 अप्रैल को पहली फ्लाइट लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 22 अप्रैल को मदीना एयरपोर्ट के लिए शुरुआत होगी। इस पहली फ्लाइट में कानपुर के 167 आजमीन शामिल हैं। सोमवार को कानपुर से सभी आजमीन उत्तर प्रदेश हज कमेटी लखनऊ पहुंचे और वहां हज कमेटी की जानिब से कड़ा, स्मार्ट वाच, पासपोर्ट, वीजा समेत सारी कागजात व जरुरी चीजें मुहैया कराई गईं। कानपुर के 167 आजमीन पहले दिन उड़ान भरेंगे जबकि दूसरे दिन यानी 23 अप्रैल को 70 और 24 अप्रैल को 150 आजमीन कानपुर से रवाना होंगे।

हज कमेटी ऑफ इंडिया के माध्यम से जिन खुशनसीब लोगों ने हज पर जाने के लिए फार्म भरे हैं, उनकी जिसकी तैयारियां पूरी हो गयी हैं लेकिन अमेरिका-ईरान के मध्य तनातनी से आजमीन टेंशन में हैं, उनका मानना है कि खाड़ी देशों में ईरान बराबर हमला कर रहा है, ऐसे में दोनों देशों के बीच बात नहीं बनी तो मामला खराब हो सकता है। हज आजमीन के अंदर दहशत है क्योंकि वहां जाने वाले हाजी बनने तक वहीं रुकेंगे।

### हज आजमीन में जंग को लेकर दहशत तो है

- अमेरिका-ईरान के बीच चल रहा युद्ध के चलते इस बार हज आजमीन सांसत में हैं क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौते पर बात नहीं बनी तो भीषण युद्ध होना तय है और ईरान खाड़ी देशों में दनादन मिसाइल, ड्रेन की बौछार कर रहा है। इस संबंध में अवध टूअर्स एंड ट्रवेल्स के निदेशक हाजी शारिक अलवी का कहना है कि अभी तक उमरा पर जाने वाले खान-ए-काबा और मदीना मुनव्वरा के आजमीन के अंदर कोई दहशत नहीं थी।


स्त्री सत्संग जत्थे ने किया कीर्तन। अमृत विचार

# मेरे प्यारे बाबा जी, भर दो झोली मेरी, हम आए शरण तेरी...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सतगुरु आवेंगे, फेरा पावेंगे...,। भर दो झोली मेरी...भर दो झोली मेरी...मेरे प्यारे बाबा जी, भर दो झोली मेरी... आदि कीर्तन करके संत बाबा मंजीत सिंह ने संगत को निहाल किया। सोमवार को कीर्तनगढ़ गुरुद्वारा गुमटी न 5 में गुरुनानक सेवा सिमरन फाउंडेशन द्वारा दूसरी पातशाही धन धन श्री गुरु अंगद देव जी महाराज एवं नवी पातशाही धन धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के पावन प्रकाश पुरव पर गुरमत समागम का आयोजन किया गया। नगर के विभिन्न गुरुद्वारों की स्त्री सत्संग जत्थों द्वारा श्री रहिरास साहिब एवं श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ किए। इस अवसर पर प्रधान हरजीत सिंह कालड़ा, पृथ्वीपाल सिंह बिल्ले, गुरु चरन सिंह टीटू, हरभजन सिंह चेयरमैन, रनबीर सिंह, सिमरन सिंह आदि मौजूद रहे।

**मंथन**

18 देशों की भागीदारी के साथ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हुआ शुरू

# मानव जीवन को सुरक्षित बना रहा सस्टेनेबल कम्प्यूटिंग

- देश-विदेश के एक्सपर्ट्स ने साझा किए विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) की ओर से अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ। इस सम्मेलन में ऑरेल व्लाइकु यूनिवर्सिटी ऑफ अरद, रोमानिया एवं मेक्सिको के टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ फ्रेसीनिलो का भी सहयोग रहा। विशेषज्ञों ने सस्टेनेबल कम्प्यूटिंग को मानव जीवन को सुरक्षित बताया है।

सम्मेलन की शुरुआत सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने की। इस दौरान प्रो. फाल्गुनी गुप्ता (पूर्व प्रोफेसर, आईआईटी कानपुर), प्रति कुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव राकेश कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि आज के युग में सस्टेनेबल कम्प्यूटिंग और इंटेलिजेंट सिस्टम्स केवल तकनीकी विषय नहीं हैं, बल्कि यह मानव जीवन को अधिक सक्षम, सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्य अतिथि प्रो. फाल्गुनी गुप्ता ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा विज्ञान एवं सस्टेनेबल तकनीकों का समन्वय भविष्य की दिशा तय करेगा और इनका समन्वय समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। ऑरेल व्लाइको यूनिवर्सिटी ऑफ अरद, रोमानिया की प्रो. वेलेंटीना एमीलिया बालास ने ऑनलाइन संबोधन दिया। इस दौरान बताया गया कि आयोजन में 6 सौ शोध पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें 18 देशों एवं भारत के 15 राज्यों से प्रतिभागियों ने भाग लिया है। दो दिवसीय इस सम्मेलन में 20 तकनीकी सत्रों का आयोजन हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) में किया जाएगा।


सम्मेलन का उद्घाटन करते अतिथि। अमृत विचार


भंडारे में बांटा गया प्रसाद। अमृत विचार

# मंदिर की चतुर्थ वर्षगांठ पर सुंदरकांड

**कानपुर।** श्री ठाकुरद्वारा श्री बांके बिहारी लाल मंदिर के जीर्णोद्धार एवं प्राण प्रतिष्ठा की चतुर्थ वर्षगांठ के अवसर पर मंदिर परिसर में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कायस्थ समाज द्वारा निर्मित इस मंदिर में सभी देवी-देवताओं के साथ भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा भी स्थापित है। कार्यक्रमों की शुरुआत बीते शनिवार को सुंदरकांड पाठ से हुई। महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। सोमवार को मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक नीलिमा कटियार मंदिर समिति के अध्यक्ष गोपाल चंद्र श्रीवास्तव, महामंत्री आशुतोष श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राजू श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अंबरीष श्रीवास्तव सहित पदाधिकारी और श्रद्धालु मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### युवक पर लगाया किशोरी को बहलाकर ले जाने का आरोप

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार : सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 अप्रैल की दोपहर उसकी 17 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। तभी हरदोई जिला के माधोगंज थानाक्षेत्र के गंगापुरवा परसियाना निवासी अमन कुमार वहां आया और उसकी बेटी को बहलाकर साथ ले गया। खेत से लौटी मां को बेटी घर पर नहीं मिली। इधर-उधर तलाशने के बाद जब उसका कोई पता नहीं चला तो उसने गांव में इसकी चर्चा की। तब उसे जानकारी मिली बेटी को अमन ले गया है। पिता ने आशंका जताई है कि उनकी बेटी के साथ अनहोनी हो सकती है। पुलिस ने केस दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के लिए टीम लगाई है।

### कॉलेज से लौटी छात्रा हुई लापता

सफीपुर, अमृत विचार : सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 19 वर्षीय बेटी बीते दिन फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के एक महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष की परीक्षा देने गई थी। जहां से वह घर नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो एक रिक्शा चालक ने बताया कि उसने छात्रा को सफीपुर तहसील के पास उतारा था। इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों का कहना है कि छात्रा का मोबाइल भी बंद है। इससे वह अधिक परेशान हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर छात्रा की खोजबीन शुरू की है।

# 47 डिग्री तक जा सकता पारा, प्रशासन से एडवाइजरी जारी

## भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी और जानलेवा लू के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। एडीएम सुशील कुमार गोंड ने जिले के लिए हीटवेव एडवाइजरी जारी करते हुए चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में तापमान 45 से 47 के स्तर को छू सकता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि लापरवाही बरतने पर लू हीट स्ट्रोक जानलेवा साबित हो सकती है। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि बहुत जरूरी न हो तो दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच घर से बाहर न निकलें। यह समय लू के लिहाज से सबसे खतरनाक माना जा रहा है। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को घर के भीतर रहने की सख्त सलाह दी गई है।

एडवाइजरी के अनुसार, शरीर में पानी और नमक की कमी हीट स्ट्रोक का मुख्य कारण बनती है। इससे बचने के लिए प्यास न लगने पर भी पानी पीते रहें। ओआरएस, नींबू पानी और छाछ का अधिक सेवन करें। बाहर निकलते समय हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें और सिर को हमेशा ढककर रखें। चक्कर आना, उल्टी,तेज सिरदर्द या बेहोशी जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। एडीएम ने कार्यस्थलों पर मजदूरों के लिए विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। सभी निर्माण स्थलों और कार्यस्थलों पर छायादार स्थान, ठंडे पानी और पर्याप्त विश्राम की व्यवस्था अनिवार्य होगी। साथ ही, सार्वजनिक स्थानों और स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया है। प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट पर रखा है। यदि कोई व्यक्ति हीट स्ट्रोक की चपेट में आता है, तो उसे तत्काल छाया में लिटाकर शरीर को ठंडा करने और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने की सलाह दी गई है।


तेज धूप से बचने को गमछा ओढ़कर जाता बाइक सवार।

### गर्मी व हीट वेव से बच्चों में हो रहा डायरिया, अस्पताल में बढ़े मरीज

उन्नाव : बढ़ती गर्मी के साथ तेज गर्म हवा के थपेड़े बच्चों के लिए घातक साबित हो रहे। इसके चलते डायरिया पीड़ित बच्चों की जिला अस्पताल में संख्या बढ़ती जा रही है। मध्य अप्रैल से अचानक पारा के बढ़ने व तेज गर्म हवा से मौसम में जबरदस्त बदलाव हुआ है। इसका असर सबसे अधिक नौनिहालों पर पड़ रहा। हीट वेव व गर्मी के चलते लगातार बच्चों में डायरिया के लक्षण बढ़ते जा रहे। जिला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उल्टी, दस्त व तेज बुखार पीड़ितों की संख्या बढ़ता जा रही है। हालत यह कि एक बेड पर दो बच्चों को एडमिट कर चिकित्सक उनका इलाज कर रहे। यही हाल ओपीडी का यहां भी सुबह से बाल रोग विशेषज्ञ के कक्षों के बाहर लंबी कतार लगी है। जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.ब्रज कुमार के मुताबिक गर्मी की मौसम में बच्चों के डायरिया से ग्रसित होने की संभावना बढ़ती है।


जिला अस्पताल में एक बेड पर भर्ती बच्चे। ● अमृत विचार

### ये हैं डायरिया के प्रमुख लक्षण

उन्नाव : इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष सक्सेना ने डायरिया के लक्षणों व उपाय की जानकारी देते हुए बताया बार-बार पतले दस्त व उल्टी आना, पेट में दर्द या मरोड़, बुखार, कमजोरी व शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) इसके मुख्य संकेत हैं। डिहाइड्रेशन होने पर बच्चे का मुंह सूखना, आंखें धंसना, लघुशंका कम होना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। बताया कि डायरिया होने पर सबसे जरूरी है बच्चे के शरीर में पानी व लवण की कमी न होने देना। इसके लिए घर पर ही तुरंत ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) का घोल देना शुरू करें। यदि ओआरएस उपलब्ध न हो तो नमक-चीनी का घोल भी दिया जा सकता है। स्तनपान कराने वाली माताएं बच्चे को दूध पिलाना बंद न करें। आराम न मिलने पर तुरंत पास के अस्पताल ले जाएं।

# घनश्याम मीणा संभालेंगे जिले की कमान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** शासन द्वारा किए गए प्रशासनिक फेरबदल के तहत उन्नाव के डीएम गौरांग राठी का स्थानांतरण झांसी कर दिया गया है। उनके स्थान पर हमीरपुर के डीएम घनश्याम मीणा को उन्नाव का नया जिलाधिकारी बनाया गया है।

गौरांग राठी का उन्नाव में 2 वर्ष 2 माह का कार्यकाल बेहद प्रभावशाली रहा। इस दौरान उन्होंने जिले के विकास व बुनियादी ढांचा मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। विशेषकर शहर के सुंदरीकरण, सड़कों के कायाकल्प व सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उनकी कार्यशैली काफी सराही गई। उन्होंने जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर सदैव जोर दिया। अब हमीरपुर से आ रहे नवागत डीएम घनश्याम मीणा के कंधों पर जिले की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी होगी। उम्मीद जताई गई है कि नए डीएम भी जिले की समस्याओं व विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता देंगे। वहीं, सोमवार शाम जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने एक समारोह आयोजित कर डीएम गौरांग राठी को विदाई दी।


डीएम के विदाई समारोह में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

● जिलाधिकारी गौरांग राठी का झांसी हुआ तबादला

### शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण

उन्नाव, अमृत विचार : सफीपुर उन्नाव कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर शुक्लागंज के एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के शुक्लागंज निवासी संदीप उर्फ मनोज के साथ तय हुई थी। दोनों के परिजनों की मौजूदगी में 15 अक्टूबर-2025 को सगाई की रस्म भी हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद से उसका मंगेतर लगातार बात करता था। बाद में उसने शादी का भरोसा दिलाकर उसे अपने जाल में फंसा कर नजदीकी बना ली और उसका शारीरिक शोषण किया। 26 अप्रैल को उसकी बारात आनी थी। इससे पहले संदीप शादी करने से मुकर गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महिला जन आक्रोश रैली से भरेंगे हुंकार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** लखनऊ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज आयोजित होने वाली महिला जन आक्रोश रैली एवं मार्च पास्ट की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर एक बैठक संपन्न हुई।

बैठक में वक्ताओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने वाले विपक्षी दलों के खिलाफ हुंकार भरी। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की रणनीति तय करते हुए अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर उनका दोहरा रवैया सामने आया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले प्रस्ताव का विरोध कर विपक्ष ने देश की महिलाओं के साथ अन्याय किया है। प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने कहा कि विपक्ष परिवारवाद की राजनीति में उलझा हुआ है और महिलाओं के सशक्तिकरण से भयभीत है। उन्होंने विश्वास जताया कि लखनऊ की रैली विपक्ष के इस रवैये को उजागर करेगी। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि उन्नाव से बड़ी संख्या में महिलाएं रैली में शामिल होंगी और इसे ऐतिहासिक बनाएंगी।



कार्यक्रम में मौजूद भाजपा पदाधिकारी व जन प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

● तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर हुई बैठक

# जर्जर भवनों पर पालिका सख्त सर्वे कराकर जारी होंगे नोटिस

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** गंगाघाट नगर पालिका क्षेत्र में बढ़ते जर्जर भवनों के खतरे को देखते हुए पालिका प्रशासन सतर्क हो गया है। नगर में कई ऐसे पुराने और गिराऊ मकान मौजूद हैं, जो हल्की आंधी या बारिश में कभी भी धराशायी होकर बड़ा हादसा कर सकते हैं। जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पालिका ने संबंधित वार्ड पटल सहायकों को निर्देश दिए हैं कि वे ऐसे भवनों का सर्वेक्षण कर सूची तैयार करें और भवन स्वामियों को नोटिस जारी करें।

जानकारी के अनुसार, पालिका क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक जर्जर भवन चिन्हित किए गए हैं। सर्वे पूरा होने के बाद संबंधित मकान मालिकों को आवश्यक कार्रवाई के लिए नोटिस भेजा जाएगा, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की जनहानि न हो। नगर में कई भवन ऐसे भी हैं जो मुकदमे और विरासत विवादों में फंसे हुए हैं, जिस कारण उनकी स्थिति और खराब होती जा रही है। इस समस्या पर भी पालिका विचार कर रही है। मिश्रा कॉलोनी, गांधी नगर, आदर्श नगर और कंचन नगर जैसे इलाकों में भी कई जर्जर मकान खतरा बने हुए हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष 5 अगस्त को अंबेडकर नगर में छज्जा गिरने से एक छह वर्षीय बच्ची की मौत हो चुकी है, जिसके बाद अब पालिका सख्ती बरत रही है।

# डेढ़ साल बाद मिले पूर्व बीडीसी सदस्य

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रश्मि लोक निवासी पूर्व बीडीसी सदस्य रमेश (50) को पुलिस ने डेढ़ वर्ष बाद नोएडा से सकुशल बरामद कर लिया। घर वापसी के बाद परिजनों में खुशी का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, रमेश वर्ष 2010 में बीडीसी सदस्य रह चुके हैं और बोरिंग का काम करते थे। कुछ समय से वह मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और उनका इलाज चल रहा था। करीब डेढ़ साल पहले वह दवा लेने के लिए घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर गंगाघाट कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसी बीच परिजनों को सूचना मिली कि रमेश को नोएडा के मड़ैया गांव में यमुना किनारे स्थित एक फार्म हाउस में बंधक बनाकर काम कराया जा रहा है। इस पर परिजनों ने ग्राम प्रधान पति अरुण रावत को जानकारी दी। प्रधान पति के माध्यम से सदर विधायक पंकज गुप्ता तक मामला पहुंचा, जिन्होंने पुलिस को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद गंगाघाट कोतवाली के दरोगा कृष्णकांत सिंह और कांस्टेबल शनि कुमार यादव परिजनों के साथ नोएडा पहुंचे और मौके पर छापेमारी कर रमेश को सकुशल बरामद कर लिया। घर पहुंचने पर उनकी बेटियां काजल, कोमल और बेटा अर्पित पिता को देखकर भावुक हो उठे। परिवार में खुशी का माहौल है।


परिजनों और प्रधान पति के साथ बैठे पूर्व बीडीसी सदस्य रमेश।

● नोएडा के फार्म हाउस में बंधक बना करवाया जा रहा था काम

### भट्ठा श्रमिकों को बांटे वस्त्र व जूते-चप्पल

उन्नाव, अमृत विचार : अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर महावीर चन्द्र-सुख सेवा संस्थान, कल्याणी देवी मंदिर समिति और गिविंग सोल के संयुक्त तत्वाधान में चन्द्र नगर गलगलहा क्षेत्र में एक राहत एवं वितरण शिविर का आयोजन किया गया। लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए संस्थाओं द्वारा ईंट-भट्ठा श्रमिक परिवारों के बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को नवीन वस्त्र, जूते-चप्पल, भोजन और शीतल पेय उपलब्ध कराए गए। तपती धूप में नंगे पैर चल रहे बच्चों को जब नए जूते और चप्पल मिले, तो उनके चेहरे खिल उठे। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में कार्यकारी अध्यक्ष पीके मिश्र,गोपाल तिवारी,जवाहर लाल मिश्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान सृष्टि, नैन्सी, प्रज्ञा अवस्थी, समीक्षा, यशी,रेखा, हृदयान्श, बऊआ मिश्र, रमेश अवस्थी, अनूप शुक्ल और मोहनलाल मौजूद रहे।

### निबंध प्रतियोगिता में अंबिका रही अव्वल


छात्रा को सम्मानित करते शिक्षक अमित तिवारी। ● अमृत विचार

उन्नाव, अमृत विचार : विकासखंड सफीपुर के कंपोजिट स्कूल रानियामऊ में सशक्त नारी, समृद्ध भारत' विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षक अमित तिवारी ने कहा कि सशक्त नारी, समृद्ध भारत' एक विकसित राष्ट्र के निर्माण का मुख्य आधार है, जो महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और निर्णय लेने की क्षमता में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर पचास प्रतिशत आबादी को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में लाना है" उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का अर्थ है- शिक्षित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर नारी, जो समृद्ध भारत की नींव को मजबूत करती है। विद्यालय में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कक्षा सात की अंबिका प्रथम,कक्षा सात की आशिका द्वितीय तथा कक्षा छह के प्रिंस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया|

# 21 बटुकों का जनेऊ व 2 जोड़ों का विवाह

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** निराला नगर स्थित श्री भीमा शंकर महादेव मंदिर परिसर में नव युवा सनातन ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में आयोजित सामूहिक विवाह एवं यज्ञोपवीत संस्कार समारोह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की गई। महासभा के अध्यक्ष पं. सुधीर शुक्ल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञाचार्य पं. अमित मिश्रा ने किया। 11 विद्वान आचार्यों के सानिध्य में 21 बटुकों का यज्ञोपवीत (जनेऊ) संस्कार संपन्न हुआ। इसके साथ ही, 2 जोड़ों का विवाह संस्कार संपन्न कराया गया।

महासभा की ओर से नवविवाहित कन्याओं को गृहस्थी का आवश्यक सामान जैसे अलमारी, बेड,पंखा,बर्तन और आभूषण उपहार स्वरूप भेंट कर विदा किया गया। समारोह में सनातन सेवा सत्संग (कानपुर प्रांत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुधीर भाई मिश्र ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सनातन संस्कृति को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा 'भानु', युवा कल्याण ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पं. धर्मेश दीक्षित, और नव युवा कल्याण ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पं. मनोज त्रिवेदी ने भी शामिल होकर जोड़ों और बटुकों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।


कार्यक्रम में मौजूद बटुक व आयोजक। ● अमृत विचार

● सामूहिक विवाह एवं यज्ञोपवीत संस्कार समारोह का आयोजन

### रेलवे पुल की डाउन लाइन पर डाले गए 50 एचबीम स्लीपर

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : रेलवे पुल की डाउन लाइन पर चल रहे मरम्मत कार्य के 19वें दिन सोमवार को तेज गति से काम किया गया। अधिकारियों की निगरानी में सुबह से शाम तक चले मेगा ब्लॉक के दौरान 50 एचबीम स्लीपर डाले गए। 2 अप्रैल से शुरू इस कार्य के तहत जर्जर ट्रफ व पुराने स्लीपर हटाकर नए एचबीम स्लीपर लगाए जा रहे हैं। सुबह 9 :40 से शाम 5 :40 बजे तक 8 घंटे का मेगा ब्लॉक लिया गया। इसमें 200 कर्मियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पुल के बीच से शुक्लागंज की ओर डाउन ट्रैक पर पड़ी गिट्टियां भी हटाई गईं। तेज धूप के बावजूद रेल कर्मी लगातार जुटे रहे। जिससे निर्धारित लक्ष्य पूरा किया जा सका। मेगा ब्लॉक समाप्त होने पर डाउन लाइन पर ट्रेनों का संचालन 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से शुरू कराया गया।

# योग प्रशिक्षकों की भर्ती शुरू 26 अप्रैल तक करें आवेदन

**उन्नाव, अमृत विचार:** योग संस्थान ने देश भर के स्कूलों में योग को बढ़ावा देने व विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ने के उद्देश्य से योग प्रशिक्षकों के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की है।

इस अभियान के तहत प्रमाणित योग प्रशिक्षकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही सामाजिक न्याय व समानता का ध्यान रखते हुए श्रेणीवार आरक्षण का भी प्रावधान रखा गया है। भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट yogaayush.org.in पर जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 अप्रैल निर्धारित है। इस संबंध में योग संस्थान के अध्यक्ष आशीष शुक्ला द्वारा लखीमपुर, पसगवां, जंगबहादुरगंज, सीतापुर, हरदोई व शाहजहांपुर आदि जिलों में जागरूकता कार्यक्रम कर युवाओं को भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रक्रिया से जहां योग्य अभ्यर्थियों को बेहतर अवसर मिलेंगे वहीं स्कूलों में बच्चों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य भी सुधारेगा। चयन मेरिट व दस्तावेजों के सत्यापन के आधार पर किया जाएगा।

● कैंप के माध्यम से होगा योग प्रशिक्षकों का चयन

### भारतीय संस्कृति हमारी पहचान: राजेन्द्र देव

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को संस्कृति बोध परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इसमें क्षेत्रीय परियोजना प्रमुख राजेन्द्र देव त्रिपाठी ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और परम्पराएं ही हमारी धरोहर और पहचान हैं। उन्होंने समाज में फैल रही कुरीतियों जैसे खड़े होकर भोजन करना, जन्मदिन पर केक काटना, परिवार का साथ न बैठना, बड़ों का सम्मान न करना और स्वदेशी वस्तुओं से दूरी पर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्कृति बोध परियोजना, कुरुक्षेत्र द्वारा प्रतिवर्ष परीक्षा आयोजित कर विभिन्न वर्गों को भारतीय परम्पराओं, महापुरुषों व ज्ञान से जोड़ा जाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह ने सभी आचार्यों की ओर से इस कार्य में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ। इस अवसर पर संकुल मीडिया प्रभारी रविशंकर श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


समीक्षा बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि।

आयोजन

28 वार्डों में सुनियोजित ढंग से जनगणना संपन्न कराने के लिए पालिका प्रशासन ने बनाई व्यापक रणनीति

# अंबिका स्कूल में जनगणना प्रगणकों का छह दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** नगर पालिका गंगाघाट क्षेत्र में आगामी जनगणना को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 28 वार्डों में सुनियोजित ढंग से जनगणना संपन्न कराने के लिए पालिका प्रशासन ने व्यापक रणनीति बनाई है। इसी क्रम में 20 से 25 अप्रैल तक छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण के पहले दिन राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रगणकों और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया। जहां पहले दिन एडीएम राजस्व सुशील कुमार गोंड व एसडीएम सदर क्षितिज कुमार की उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्य शुरू हुआ। सोमवार को आयोजित प्रशिक्षण सत्र में जिले से पहुंचे मास्टर ट्रेनर और फील्ड ट्रेनरों ने प्रगणकों को जनगणना की बारीकियों से अवगत कराया। स्कूल परिसर में 50-50 लोगों के समूह बनाकर तीन अलग-अलग कक्षाओं में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रोजेक्टर के जरिए उन्हें घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करने की प्रक्रिया, डेटा संग्रहण के मानक, आवश्यक सावधानियां और रिपोर्टिंग प्रणाली के बारे में विस्तार से समझाया गया। मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि जनगणना कार्य में सटीकता और पारदर्शिता बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए प्रत्येक प्रगणक को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी कर्मी पूरी तरह प्रशिक्षित होकर ही फील्ड में उतरें, ताकि जनगणना का कार्य बिना किसी त्रुटि के सफलतापूर्वक पूरा हो सके। ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि इसी तरह 25 अप्रैल तक प्रशिक्षण कार्यक्रम अंबिका स्कूल में आयोजित होता रहेगा। जिससे सभी सुपरवाइजरों और प्रगणकों को जनगणना से संबंधित सभी जानकारियां मिल जाये और मतगणना के दौरान उन्हें किसी प्रकार की समस्या न उठानी पड़ी।


जनगणना को लेकर अंबिका स्कूल में प्रगणकों को किया जाता प्रशिक्षित। ● अमृत विचार

### पानी की कमी से जूझे प्रशिक्षु

प्रशिक्षण के दौरान भीषण गर्मी में प्रगणकों और सुपरवाइजरों को पानी की कमी से जूझना पड़ा। कार्यक्रम स्थल पर पेयजल की समुचित व्यवस्था न होने के कारण प्रतिभागियों को असुविधा का सामना करना पड़ा, जिससे प्रशिक्षण के दौरान उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी।

### जानलेवा हमला करने के 5 आरोपी पकड़े गए

उन्नाव, अमृत विचार : गाड़ा लगाकर जान से मारने की नीयत से हमला करने के 5 लोगों को फतेहपुर चौरासी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी को कोर्ट आदेश पर जेल भेजा गया है। फतेहपुर चौरासी पुलिस ने सोमवार को मुखबिर की सूचना पर कालीमिट्टी के पास थानाक्षेत्र के हिंदूपुर गांव निवासी अर्जुन, अमित, धीरज, अंकित व अरुण निवासी अर्जुनपुर को गिरफ्तार कर किया। पुलिस ने अर्जुन के पास से साइकिल की दो फ्रीव्हील लगा लकड़ी का डंडा बरामद किया। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि 19 अप्रैल को कानपुर के शिवराजपुर थानाक्षेत्र के राजेपुर, शादीपुर गांव निवासी धनीराम ने तहरीर में बताया था कि वह 17 अप्रैल की रात 12 बजे गांव गड़ाई गांव में तिलक शामिल होकर बाइक से लौट रहा था। तभी गंगा पुल के पहले वैकल्पिक मार्ग पर पहले से मौजूद उन पांच लोगों ने रंजिश के चलते गालीगलौज के साथ मारपीट की। जिससे गले व सीने में चोटें आई। शोर मचाने पर देवकी दौड़कर आए। जिसे देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। एसओ ने बताया कि तीन अन्य आरोपियों में देवारी निवासी हिंदूपुर व सुधीर, विपिन निवासी अर्जुनपुर की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

